दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली ।। सोमवार 16 सितम्बर -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 337 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

अरविंद केजरीवाल देंगे सीएम पद से इस्तीफा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया है कि वो दो दिन बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। दिल्ली शराब नीति में हुए कथित घोटाले के आरोप में जेल से बाहर निकलने के दो दिन बाद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह घोषणा की है । उन्होंने आम आदमी पार्टी के मुख्यालय में कहा, ह्लमैं सीएम की कुर्सी से इस्तीफा देने जा रहा हूं और मैं तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा जब तक जनता अपना फैसला न सुना दे । अरविंद केजरीवाल दो दिनों के बाद अपना इस्तीफा देंगे । उन्होंने कहा है कि जब तक जनता उनको इस पद पर बैठने के लिए नहीं कहेगी, तब तक वो फिर से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे । उनका कहना है, ह्लमैं जनता के बीच में जाऊंगा, गली गली में जाऊंगा, घर घर जाऊंगा और जब तक जनता अपना फैसला न सुना दे कि केजरीवाल ईमानदार है तब तक मैं सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा । अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार में उप-मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया भी तभी अपना पद संभालेंगे जब जनता अपना फैसला सुना देगी ।

केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के लिए फरवरी की जगह नवंबर में चुनाव कराने की भी मांग की है । उन्होंने कहा है कि जब तक दिल्ली में चुनाव नहीं होगे तब तक कोई अन्य नेता दिल्ली का मुख्यमंत्री होगा । इसके लिए दो दिन में आम आदमी पार्टी के विधायक दल की बैठक होगी उसमें नए मुख्यमंत्री का नाम तय होगा । अरविंद केजरीवाल इससे पहले भी कई मौकों पर जरूरी फैसला लेने से पहले जनता की राय लेने के बारे में बात करते रहे हैं । उन्होंने अपनी राजनीति की शुरूआत में जनता से कथित तौर पर राय लेने की बात कई बार की है । दिल्ली में पहली बार चुनाव लड़ने के बाद केजरीवाल ने कांग्रेस के समर्थन से दिल्ली में सरकार बनाई थी । इसके लिए भी वो कई इलाकों में दिल्ली की आम जनता के बीच गए थे । केजरीवाल ने अपनी राजनीति मूल रूप से कांग्रेस के खिलाफ शुरू की थी, इसलिए कांग्रेस के साथ सरकार बनाने के मुद्दे पर उस वक्त काफी सियासी बयानबाजी चल रही थी ।

बीजेपी ने बताया 'स्टंट'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दो दिन बाद इस्तीफे की घोषणा पर बीजेपी ने कहा है कि ये उनका पीआर स्टंट है । बीजेपी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने तंज कसा, कौन सी ऐसी निजी चीज है जो आप 48 घंटे की मोहलत मांगने की कोशिश कर रहे हैं । सरकारी काम आप कर नहीं सकते तो फिर 48 घंटे किसके लिए चाहिए । केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा पर उन्होंने कहा, जब उन्होंने इस्तीफे की बात की तो हम ये कह सकते हैं कि ये जुर्म का इकबालिया बयान हो गया, आपने मान लिया है कि आप पर जो आरोप हैं उसके साथ आप पद पर नहीं रह सकते। उन्होंने सवाल किया कि केजरीवाल किस मजबूरी में इस्तीफे की बात कर रहे हैं । उन्होंने कहा, दिल्ली में उनकी सरकार है वो चाहें तो असेंबली भंग कर दें । पहले चुनाव करवाने की मांग क्यों कर रहे हैं ।

18 सितंबर को गाजियाबाद आ रहे हैं सीएम योगी आदित्यनाथ

वृहत रोजगार मेले में वितरित करेंगे नियुक्ति पत्र और फोन- टैबलेट्स

घंटाघर रामलीला मैदान में होगा पूरा कार्यक्रम

गाजियाबाद, करंट क्राइम : आखिरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गाजियाबाद में कार्यक्रम फाइनल हो गया है। वह अब 18 सितंबर को घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित हो रहे उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक संस्थान और प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे हैं वृहत रोजगार मेले में शामिल होने के लिए आएंगे। मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम फाइनल होने के संकेत मिलते ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विभाग के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस की पूरे रूट पर ड्यूटी का प्लान बनने से लेकर घंटाघर रामलीला मैदान के चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती का ड्यूटी चार्ट तैयार कर लिया गया है। इसके साथ ही नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, जीडीए और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने घंटाघर रामलीला मैदान में होने वाले आयोजन की सभी तैयारियां को शुरू करवा दिया है। इसके साथ ही लोकल पुलिस और इंटेलीजेंस के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम को लेकर अपनाए जाने वाले प्रोटोकॉल पर कार्रवाई शुरू करवा दी है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री 18 सितंबर दिन बुधवार को घंटाघर रामलीला मैदान में लगभग डेढ़ से 2 घंटे के बीच मौजूद रहेंगे। वह यहां बृहत रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र एवं स्मार्टफोन के साथ ही टेबलेट वितरण समारोह में मौजूद रहेंगे और लाभार्थियों को पत्र भी वितरित करेंगे।

पुलिस लाइन में उतर सकता है हेलीकॉप्टर, मुख्य मार्ग पर तैयारियां तेज

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 18 सितंबर दिन बुधवार को गाजियाबाद घंटाघर रामलीला मैदान में रोजगार मेले में आगमन है । बताया जा रहा है कि उनका हेलीकॉप्टर इस बार पुलिस लाइन में उतर सकता है । वहीं रविवार से ही नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारियों ने हरसांव पुलिस लाइन से लेकर जिला मुख्यालय वाले मार्ग पर साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री के अलग-अलग योजनाओं वाले बड़े पोस्टर भी इस मार्ग पर लगा दिए हैं । इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाएं भी दुरुस्त की जा रही हैं ।

डेढ़ सौ से अधिक कंपनियां हैं आमंत्रित

करंट क्राइम : जानकारी मिली है की वृहत रोजगार मेले में युवाओं और नौकरी की तलाश करने वाले लोगों को रोजगार मिल सके । इसके लिए सरकारी और निजी क्षेत्र की लगभग 150 से अधिक कंपनियों को आमंत्रित किया गया है । सरकार की मंशा है कि यहां 15000 से अधिक रिक्तियां को पूरा करने का काम हो ताकि विधानसभा उपचुनाव 2024 से पहले एक संदेश जाए कि सरकार युवाओं और बेरोजगारों को नौकरी प्रदान करने का काम कर रही है । बता दें कि बीते दिनों लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से घोषणा की थी की बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं और बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने का अभियान चला रही है ।

प्रभारी मंत्री से लेकर कैबिनेट और राज्य मंत्री रहेंगे मौजूद

करंट क्राइम : 18 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं । तो वही जानकारी मिली है कि कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के साथ ही गाजियाबाद के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा व स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप भी इस कार्यक्रम में मंच पर मौजूद रहेंगे । वहीं स्थानीय सांसद, भाजपा महानगर अध्यक्ष, महापौर और भाजपा के प्रमुख विधायक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे ।

सुरक्षा की सभी तैयारियां की जा रही है फुलप्रूफ : डीसीपी

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित किया जाना हैं । वह घंटाघर रामलीला मैदान में सड़क मार्ग से पहुंचेंगे, इसके लिए यातायात पुलिस की फ्लीट और मुख्यमंत्री दस्ते के द्वारा यहां जल्द ही रिहर्सल किया जाएगा । वहीं डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के फूलप्रूफ बंदोबस्त रहेंगे । रूफ टॉप ड्यूटी के साथ ही सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मियों और खुफिया विभाग की टीम यहां मौजूद रहेगी । इसके साथ ही बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम भी घंटाघर रामलीला मैदान का निरीक्षण कर कार्यक्रम स्थल का जायजा लेंगी ।

नगर निगम की बैठक को लेकर छा रहे हैं संशय के बादल

17 को पीएम का जन्मदिन और 18 को आ रहे हैं सीएम

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक दो बार टल चुकी है। एक बार बैठक पार्षदों को लेकर टली और फिर दूसरी बार एजेंडे के तकनीकी पेंच फंस जाने के बाद इस बैठक को टाला गया और बैठक की तारीख 17 सितंबर तय की गई। सूत्र बता रहे हैं कि नगर निगम की यह बैठक भी टल सकती है। सूत्रों की बातों पर विश्वास करें तो नगर निगम की बैठक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़े और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का पूरा साया पड़ रहा है।

अधिकारियों की ड्यूटी इस कार्यक्रम में लगेगी और ये माना जा रहा है कि चूंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर विधानसभा में आ रहे है और उनकी जनसभा घंटाघर रामलीला मैदान में होगी।

ऐसे में व्यवस्थाओं का जिम्मा निगम अधिकारियों के पास रहेगा। वो सब रामलीला मैदान से लेकर अन्य विभागों की व्यवस्थाओं को संभालेंगे। ऐसे में कार्यकारिणी चुनाव पर संशय पैदा हो गया है।

चूंकि अगले दिन मुख्यमंत्री का कार्यक्रम है और भाजपा संगठन से लेकर सभी जनप्रतिनिधि व्यस्त रहेंगे। सूत्र बताते हैं कि एक बार फिर से कार्यकारिणी चुनाव टल सकता है और जिस बैठक को अगले दिन प्रस्तावित बताया जा रहा है वो बैठक भी अब अगली डेट में शिफ्ट हो जायेगी। क्योंकि 18 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आ रहे हैं। वो घंटाघर के रामलीला मैदान में रोजगार मेले का उद्घाटन करेंगे, वो जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

चूंकि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम है तो ऐसे में नगर निगम से लेकर जीडीए और प्रशासन के अधिकारी व्यस्त रहेंगे। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन है और उनके जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े का उद्घाटन होगा।

मुख्यमंत्री का शहर में आगमन और सड़कों पर गड्ढों का अंबार
अधिकारियों की फाइलों में खो गया गड्ढा मुक्त अभियान

चार दिन हुई बारिश से खुल गई गाजियाबाद में सड़कों की पोल

गाजियाबाद, करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के अभियान चलाते हैं। तो वहीं बीते दिनों जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा कलेक्ट्रेट में ली गई बैठक में भी संबंधित विभागों को सड़कों पर गड्ढे समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे। आदेश और निर्देश अधिकारियों की फाइल पर अटके रह गए हैं और आदेश मेज पर नजर आए। बीते दिनों गाजियाबाद में हुई चार दिन तक रुक रुक के बारिश के बाद गाजियाबाद के सड़कों की स्थिति गड्ढों से युक्त नजर आई हैं। गाजियाबाद में 18 सितंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोजगार मेले कार्यक्रम में आगमन में आगमन है। वहीं गाजियाबाद की टूटी सड़के बदहाली की दास्तां बयां कर रही है। रविवार को दैनिक करंट क्राइम की टीम ने ग्राउंड रिपोर्ट का हाल जाना, जहां सड़क पर जगह-जगह जलभराव होने से सड़के टूट गई हैं और आमजन का चलना और वाहन चलाकों का निकलना किसी चुनौती से कम नहीं है। टूटी सड़कों के साथ ही हादसों में भी इजाफा हो रहा है और मार्ग अस्त-व्यस्त हो चुके हैं।

करंट क्राइम ग्राउंड रिपोर्ट

मोहन नगर की सड़क गड्ढों से है भरपूर ,जनता कह रही है समस्या कब होगी दूर

करंट क्राइम : मोहन नगर गाजियाबाद जिले का प्रमुख स्थान है, यह साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में आता है । बीते चार दिन हुई बारिश के बाद साहिबाबाद मोहन नगर तिराहे और उसके आसपास की सड़क इस कदर टूट गई है कि दूर तक समतल सड़क नजर नहीं आ रही है । जगह-जगह सड़क पर गहरे गड्ढे हो गए हैं । टूटी सड़क की वजह से उसके छोटे-छोटे पत्थर सड़क पर आ गए हैं, जो हादसे और परेशानी का सबक बन रहे हैं । इसके साथ ही स्थानीय लोगों और दोपहिया व छोटे वाहन चालकों को इस मार्ग से निकलने में परेशानी भी आ रही है । आलम यह है कि एक तरफ मुख्यमंत्री और गाजियाबाद के जिलाधिकारी जिले की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के अभियान और आदेश दे रहे हैं, तो दूसरी तरफ हकीकत में तस्वीरे कुछ और है ।

सीन 01
स्थान : मोहन नगर

सभी फोटो : उदयवीर सिंह

सीन 02
स्थान : मेरठ रोड तिराहा

मेरठ रोड तिराहे का है बुरा हाल

करंट क्राइम : मेरठ रोड तिराहे पर लंबे समय से कोई निर्माण कार्य भी नहीं चल रहा है, लेकिन यहां पर टूटी सड़क आमजन के लिए परेशानी की वजह बन गई है । टूटी सड़क की वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है । तो वहीं टूटी सड़क पर जलभराव भी हो रहा है । जलभराव की वजह से जाम और वाहन चालकों के वाहन खराब होने की स्थिति पैदा हो रही है । तो वहीं टूटी सड़क लोगों की रफ्तार पर भी ब्रेक लगाने का काम कर रही है । सड़क को गड्ढा मुक्त बनाने का अभियान लंबे समय से चल रहा है, इन सबके बावजूद भी इस अभियान की सफलता और असर सड़क पर नजर नहीं आ रहा है ।

वसुंधरा रेड लाइट और लिंक रोड मार्ग भी है टूटी सड़क के चलते बदहाल

करंट क्राइम : लिंक रोड और वसुंधरा रेड लाइट दिल्ली, गाजियाबाद और ट्रांस हिंडन के लोगों को जोड़ने और आने-जाने का मुख्य मार्ग है । यहां बारिश की वजह से जलजमाव हो जाता है और सड़क पर पानी भरने की वजह से सड़क बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई हैं । रविवार को बारिश तो नहीं हुई लेकिन सड़क पर जब पानी हटा तो टूटी सड़क गड्ढा मुक्त अभियान की हकीकत दर्शा रही थीं । सड़क पर समतल स्थान कम और गड्ढा युक्त स्थान अधिक नजर आ रहा है । बता दें कि 18 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गाजियाबाद में आगमन है और उससे पहले इन गड्ढों की तस्वीर बदले जाने की आवश्यकता है ।

इंदिरापुरम मार्ग पर भी गड्ढों की भरमार

करंट क्राइम : इंदिरापुरम जैसे पॉश इलाके में भी सड़कें बारिश के बाद जगह-जगह टूट गई हैं । सड़क की गिट्टी और पत्थर निकाल कर बाहर आ गए हैं । टूटी

सड़क पर लोगों को चलने में असुविधा हो रही है । इसके साथ ही बीते दिनों जिलाधिकारी द्वारा गाजियाबाद के सभी विभागों को निर्देश दिए गए थे, कि मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार जिले की सभी मुख्य और प्रमुख सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाए लेकिन इसका असर इंदिरापुरम जैसे खास इलाके में भी नजर नहीं आ रहा है ।

इस्तीफा देंगे, लेकिन मुख्यमंत्री आवास नहीं छोड़ेंगे केजरीवाल, राष्ट्रपति शासन लगने की संभावना

नई दिल्ली। भाजपा लगातार इस बात की मांग कर रही थी कि अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और इसलिए दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। लेकिन अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा के बाद अचानक ही परिस्थितियां बदल गई हैं। शराब घोटाले में फंसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे, लेकिन इसके बाद भी वे कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर अपने पद पर बने रह सकते हैं। इस्तीफा देने के बाद भी वे दिल्ली विधानसभा चुनाव तक मुख्यमंत्री आवास भी नहीं छोड़ेंगे। आम आदमी पार्टी अभी इस बात पर मंथन कर रही है कि यदि मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा देते हैं तो इसके बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना के पास क्या संवैधानिक विकल्प होंगे जिसका वे उपयोग कर सकते हैं। केजरीवाल कह चुके हैं कि वे अपने पद से इस्तीफा देकर सीधे नवंबर में चुनाव में जाने की मांग करेंगे। भाजपा लगातार इस बात की मांग कर रही थी कि अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और इसलिए दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। लेकिन अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा के बाद अचानक ही परिस्थितियां बदल गई हैं। अब पूरा मामला अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे और उसके बाद चुनाव होने के आसपास सिमट गया है। लेकिन इसमें सबसे बड़ा पेंच यह है कि अगला चुनाव किसके नेतृत्व में होगा? यदि उपराज्यपाल अरविंद केजरीवाल को कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने के लिए कहते हैं तो अगला चुनाव भी उन्हीं के नेतृत्व में होगा। लेकिन यदि उपराज्यपाल दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश कर देते हैं तो दिल्ली का अगला विधानसभा चुनाव केंद्र के नेतृत्व में हो सकता है। आम आदमी पार्टी सूत्रों के अनुसार पार्टी इस बात पर लगातार मंथन कर एक निष्कर्ष पर पहुंचने की कोशिश कर रही है। एक नेता के अनुसार, मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद उसे कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने के लिए कहे जाने की परंपरा अब तक चली आ रही है।

मुख्यमंत्री आवास नहीं छोड़ेंगे

लेकिन केजरीवाल के इस्तीफा की घोषणा के साथ ही यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या वे मुख्यमंत्री आवास भी छोड़ेंगे? यह सवाल इसलिए बहुत महत्त्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि कथित तौर पर मुख्यमंत्री आवास में नियमों की हेराफेरी कर बड़ा अवैध निर्माण कराया गया है। मीडिया में इस बात की भी खबरें आई थीं कि अरविंद केजरीवाल के आवास में पर्दे, टॉयलेट, टाइल और गद्दों की खरीद में भारी भरकम राशि खर्च की गई है। यदि उनके इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री आवास सीधे उपराज्यपाल के प्रशासनिक नियंत्रण में आ जाता है तो मुख्यमंत्री आवास में मीडिया का प्रवेश हो सकता है। इसके बाद अरविंद केजरीवाल के लिए चुनाव के पहले ही एक नई मुसीबत सामने आ सकती है। आम आदमी पार्टी सूत्रों के अनुसार, यही कारण है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव तक अपना आवास नहीं छोड़ेंगे।

भाजपा ने ललकारा

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि यदि अरविंद केजरीवाल में थोड़ी भी नैतिकता बची है तो उन्हें मुख्यमंत्री आवास में पत्रकारों को बुलाकर वे निर्माण दिखाने चाहिए जो उन्होंने अपने सुख-चैन के लिए बनवाए हैं। इससे साफ हो जाएगा कि वे भ्रष्टाचारी हैं या नहीं। यदि वे अपने कामों पर जनता के फैसले की मुहर चाहते हैं तो उन्हें जनता को बुलाकर भी अपना आवास दिखाना चाहिए। भाजपा नेता का यह हमला इस बात का इशारा कर रहा है कि यदि मुख्यमंत्री ने अपना आवास छोड़ा तो उनके लिए एक नया पिटारा खुल सकता है।

पलट दी बाजी

इसके पहले भाजपा लगातार अरविंद केजरीवाल पर इस बात के लिए दबाव बना रही थी कि केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा दें। इसके लिए वह केजरीवाल के जेल में रहने के कारण जनता के कामकाज न हो पाने को आधार बना रही थी। लेकिन अचानक ही अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर भाजपा के हाथों से एक बड़ा मुद्दा छीन लिया है। शराब घोटाले में 156 दिन की जेल काटने के बाद भी अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया था। इससे उनकी छवि प्रभावित हो रही थी और कहीं न कहीं भाजपा को इसका लाभ मिल रहा था। भाजपा इसी मुद्दे पर चुनाव लड़कर बढ़त लेने की योजना बना रही थी, लेकिन अचानक ही केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर पूरी बाजी पलट दी।

तीन मंजिला मकान गिरने से अब तक 10 लोगों की मौत, बचाव अभियान जारी

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ में तीन मंजिला इमारत गिरने के कारण अब तक 10 लोगों की मौत हो गई है। एक अधिकारी ने रविवार को 10 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मेरठ के जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीणा ने बताया कि मृतकों में एक पुरुष, तीन महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा, शनिवार को मेरठ की जाकिर कॉलोनी में अचानक तीन मंजिला इमारत ढह गया था। इसके बाद मौके पर पहुंच बचाव अभियान शुरू किया गया। शनिवार से अब तक 10 लोगों के शवों को बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त मकान में 15 लोग मौजूद थे, जिनमें से तीन लोगों को पहले ही सुरक्षित बाहर निकाला गया था, लेकिन 12 लोग मलबे में फंस गए।

डीएम ने बताया कि मलबे में फंसे 12 लोगों में से एक पुरुष समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि बचाए गए मवेशियों और मरने वालों की संख्या अभी तक स्पष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) का बचाव अभियान जारी है, जो मलबा हटाने तक चलता रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना शनिवार शाम करीब 5:15 बजे हुई, जिसकी सूचना मिलने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। बता दें कि मकान के मालिक की पहचान अलाउद्दीन के रूप में हुई है। वह इमारत में डेयरी चलाता था। इस हादसे का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने घायलों के इलाज के भी निर्देश दिए हैं। इस बीच मेरठ मंडल की आयुक्त सेल्वा कुमारी जे., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा और नगर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह भी मौके पर मौजूद हैं। पिछले कुछ दिनों में राज्य में इमारत गिरने का यह सबसे बड़ा मामला है। इससे पहले 7 सितंबर को लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में तीन मंजिला इमारत गिर गई थी, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई थी और 28 अन्य घायल हो गए थे।

बहनों की तरफ से पीएम मोदी को 'जावा' दिया : आरती कुजूर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड दौरे पर रहे। जहां उन्होंने जमशेदपुर में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। वहीं, रांची पहुंचने पर पीएम मोदी का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने करमा पर्व के प्रतीक 'जावा' से स्वागत किया। पीएम मोदी के कान पर जावा लगाने वाली आरती कुजूर ने आईएएनएस से खास बातचीत की। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने उनसे क्या बातचीत की और झारखंड के करमा पर्व के बारे में भी जाना। उन्होंने कहा कि झारखंड भगवान बिरसा मुंडा और वीरों की धरती है। हम प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हैं और आज उनका रांची एयरपोर्ट पर स्वागत करने का अवसर मिला। 14 सितंबर को भाद्रपद एकादशी पर झारखंड का महापर्व करमा का त्योहार था और रात में पूजा हुई थी, ऐसे अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी झारखंड आए।

बहुत सारी चीजें एयरपोर्ट लेकर गए थे, पहले सिक्योरिटी और स्थानीय प्रशासन ने ले जाने से मना कर दिया। लेकिन, जब हमने कहा कि यह जावा पूजा का है। इसके बाद उन्होंने इसे लाने की अनुमति दी। जब मैंने प्रधानमंत्री मोदी को जावा दिया तो उन्होंने इसके महत्व के बारे में पूछा। मैंने पीएम मोदी को करमा त्योहार, जावा के बारे में सारी चीजें बताई। वो खुश हुए और उन्होंने पूछा किसे देते है तो मैंने कहा कि जावा बहनें अपने भाइयों को देती हैं। मैंने उनसे कहा कि इसे हाथ में नहीं पकड़ते हैं। भाइयों के कान पर लगाने की परंपरा है तो मैंने उन्हें दिया तो सचमुच में यहां के त्योहार-परंपरा को जानकर बहुत खुश हुए। मैंने कहा भी कि इतनी बहनों के लिए जो आप काम कर रहे हैं तो सब बहनों की तरफ से ईश्वर से यह प्रार्थना है।

करमा पर्व भाई-बहन का त्योहार है, बहन-भाई दोनों एक-दूसरे के लिए उपवास करते हैं, साथ ही दीघार्यु, स्वास्थ्य और सफलता की कामना करते हैं। उन्होंने बताया कि रोपा के बाद फसल आने का समय है तो हम ईश्वर से अच्छी फसल की भी कामना करते हैं। यह करमा का त्योहार है और इस त्योहार में मुझे जावा देने का सौभाग्य मिला। आरती कुजूर ने आगे बताया कि

भाजपा ने केजरीवाल के इस्तीफे को 'पीआर स्टंट' बताया कहा- कोर्ट की शर्तों ने इस्तीफे के लिए किया मजबूर

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत पर बाहर आए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफे का एलान के बाद दिल्ली की सियासत गरमा गई है। भाजपा ने इस पीआर स्टंट बताया है। भाजपा का कहना है कि केजरीवाल को कोर्ट की शर्तों ने इस्तीफे के लिए मजबूर किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, 'यह अरविंद केजरीवाल का पीआर स्टंट है। वह समझ गए हैं कि दिल्ली की जनता के बीच उनकी छवि कैसी है एक ईमानदार नेता की नहीं बल्कि एक भ्रष्ट नेता की। आज पूरे देश में आम आदमी पार्टी एक भ्रष्ट पार्टी के रूप में जानी जाती है, अपने पीआर स्टंट के तहत वह अपनी छवि को बहाल करना चाहते हैं। इससे साफ है कि वह सोनिया गांधी मॉडल लागू करना चाहते हैं। जहां उन्होंने मनमोहन सिंह को डमी प्रधानमंत्री बनाया और पर्दे के पीछे से सरकार चलाई। उन्हें आज समझ आ गया है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली चुनाव हार रही है और दिल्ली की जनता उनके नाम पर वोट नहीं दे सकती, इसलिए वे किसी

और को बलि का बकरा बनाना चाहते हैं।' वहीं, भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया है कि वह दो दिन बाद इस्तीफा दे देंगे और जनता का फैसला आने पर दोबारा सीएम बनेंगे। यह कोई बलिदान नहीं है, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा है कि वह सीएम की कुर्सी के करीब नहीं जा सकते और किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते. इसलिए, आपके पास कोई विकल्प नहीं है। आप सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण इस्तीफा देने के लिए मजबूर हैं।' सिरसा ने आगे आरोप लगाया कि केजरीवाल ने अपनी पत्नी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी विधायकों को मनाने के लिए दो दिन का समय मांगा।उधर, आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा, 'मुख्यमंत्री जी अग्निपरीक्षा से गुजरने के लिए तैयार हैं। अब यह दिल्ली की जनता के हाथ में है कि वह ईमानदार हैं या नहीं। अरविंद केजरीवाल ने 2020 में काम के नाम पर वोट मांगे थे और कहा था कि अगर मैंने काम किया है तो मुझे वोट दें, अगर मैंने काम नहीं किया है तो मुझे वोट न दें। दिल्ली की जनता आप को वोट देकर मुख्यमंत्री को ईमानदार घोषित करेगी और आने वाले 2025 के दिल्ली चुनाव में दिल्ली की जनता उस चुनाव के जरिए अपने मुख्यमंत्री को ईमानदार घोषित करेगी।' दिल्ली मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'पूरे विश्व में इस तरीके का उदाहरण आपको नहीं मिलेगा कि एक मुख्यमंत्री अदालत से बेल पाने के बाद खुद यह फैसला करता है कि अदालत ने तो मुझे बेल दे दी लेकिन जनता जिस दिन मुझे अग्नि परीक्षा में पार उतारेगी, उस दिन इस कुर्सी पर बैठूंगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि मैं इन आरोपों से काफी दुखी हूं। मैं जनता की अदालत में जाउंगा और कहूंगा कि अगर मैं ईमानदार हूं तो आप मुझे वोट दें और मुझे इस कुर्सी पर बैठाएं।

पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील, लोग हो रहे परेशान

कैथल। हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच रविवार को उचाना में प्रस्तावित किसानों की महापंचायत के मद्देनजर हरियाणा-पंजाब बॉर्डर को सील कर दिया गया है। इससे पड़ोसी राज्यों की सीमा के आर-पार आने-जाने वाले लोगों को काफी समस्या हो रही है। उनका कहना है कि प्रशासन ने इस तरह से बैरिकेडिंग की है कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। सीमावर्ती कैथल जिले में लोगों का कहना है कि बैरिकेडिंग को लेकर प्रशासन की ओर से कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है। यहां पर प्रशासन से कोई अधिकारी नहीं है

जो लोगों को इस संबंध में बता पाए। बैरिकेडिंग होने से बड़े-बुजुर्ग बच्चे परेशान हो रहे हैं। एक व्यक्ति ने कहा कि उसे दवाइयां लेने के लिए पटियाला जाना था। लेकिन, बैरिकेडिंग की वजह से कई किलोमीटर घूमकर

जाना होगा जिससे काफी परेशानी हो रही है। बता दें कि आज उचाना में किसानों की एक महापंचायत होनी थी। पुलिस ने हरियाणा के कैथल और पंजाब के पटियाला स्टेट हाईवे बॉर्डर को कंक्रीट बैरिकेड्स लगाकर सील कर दिया है। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में कोहड़ ने कहा है कि 22 जुलाई को उन्होंने घोषणा की थी कि हरियाणा में किसानों की राष्ट्रीय स्तर की दो महापंचायत होगी। उचाना की नई अनाज मंडी में 15 सितंबर को एक महापंचायत होनी थी। उन्होंने कहा, तैयारी लगभग पूरी हो चुकी थी। हरियाणा के सभी जिलों से भारी संख्या में किसान महापंचायत में शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। पंजाब सहित पूरे देश से किसान आ रहे हैं। इस बीच आज सुबह हरियाणा पुलिस ने हमें एक नोटिस दिया जिसमें कहा गया है कि हम पंचायत नहीं कर सकते।

इसके लिए पहले अनुमति नहीं मिली है। कोहाड़ ने कहा कि आचार संहिता राजनेताओं के लिए लगा है। मंडी किसानों की है और किसान यहां महापंचायत कर सकते हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर किसी को महापंचायत में आने से रोका तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहिए।

पंजाब आप नेताओं ने किया केजरीवाल के इस्तीफे के फैसले का स्वागत, बोले क्रांतिकारी हैं

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सीएम की कुर्सी छोड़ने का एलान किया है। केजरीवाल ने दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। उनके इस एलान के बाद राजनीति में कई तरह की चचाएं हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट से आबकारी नीति घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दो दिन पहले जमानत मिली। शुक्रवार को केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आए। इसके बाद रविवार को केजरीवाल ने इस्तीफे का एलान किया। अरविंद केजरीवाल के 2 दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने के फैसले पर पंजाब आप सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ईमानदार लीडर हैं। वह देश की राजनीति

को बदलने के लिए ही राजनीति में आए हैं। सीएम की कुर्सी छोड़ने का फैसला, ऐसा फैसला कोई ईमानदार व्यक्ति ही ले सकता है। केवल अरविंद केजरीवाल ही ऐसा कर सकते हैं, जो जेल से बाहर आने के बाद सीएम की कुर्सी छोड़ें। मीत हेयर ने कहा कि भाजपा ने अरविंदर केजरीवाल को जेल में रखने के लिए साजिश रची है। जब उन्हें ईडी के केस में जमानत मिली तो उन्हें सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि सीबीआई पिंजरे में बंद तोता बन गई है। वहीं, पंजाब के मंत्री अनमोल गगन मान कहते ने कहा कि दिल्ली के लोग जानते हैं कि एलजी के रोकने के बाद भी केजरीवाल ने क्या किया है। भाजपा के लोग आम आदमी पार्टी को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। हम अरविंद केजरीवाल के फैसले का स्वागत करते हैं। केजरीवाल एक क्रांतिकारी नेता हैं, उनके इस फैसले से आम आदमी पार्टी में जोश भरा है। दिल्ली की जनता एकतरफा फैसला देगी और उन्हें दोबारा सीएम बनाएगी। अनमोल गगन मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के इस फैसले से हरियाणा में एक नया संदेश जाएगा।

कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस ने कहा, वक्फ शोधन विधेयक लाने की जरूरत नहीं थी

पटना। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को लेकर पटना में इमारत-ए-शरिया ने एक बैठक की। इस बैठक में कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शाहिदुल्लाह मुंशी ने भी शिरकत की। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मुंशी ने आईएएनएस से कहा, वक्फ (संशोधन) विधेयक के बारे में बताने के लिए हमें आज इस बैठक में बुलाया गया था। केंद्र सरकार द्वारा विधेयक संसद में पेश किया गया। विपक्षी सांसदों के कड़े विरोध के बाद इसे अधिक चर्चा करने के लिए संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में भेज दिया गया है। जेपीसी में चर्चा के दौरान अगर इसे सही पाया गया तो विधेयक को संसद में पारित कराया जाएगा नहीं तो सरकार इसे वापस लेगी। उन्होंने कहा कि वक्फ विधेयक, 1995 में साल 2013 में जो संशोधन लाया गया था, उसके बाद मौजूदा सरकार द्वारा

प्रस्तावित संशोधनों की जरूरत नहीं थी। इस विधेयक से सिर्फ नुकसान ही होगा। कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश ने कहा, सरकार को विधेयक में संशोधन करने से पहले आम जनता की राय लेनी चाहिए थी। भारत में जो वक्फ बोर्ड है, उनसे राय लेनी चाहिए थी। सरकार जल्दबाजी में बिना चर्चा के इस विधेयक को लेकर आई। मुझे लगता है कि इतनी जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए थी। हाल ही में पटना के फुलवारी शरीफ में इमारत-ए-शरिया की बैठक हुई थी।

केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी को विभीषण बताया, कहा- कोई भी हिन्दुस्तानी विदेश जाकर ऐसा नहीं बोल सकता

पटना। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कांग्रेस के वरीय नेता और सांसद राहुल गांधी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अपने देश के बारे में दूसरे देशों में यह नहीं बोलना चाहिए था। अपने देश के प्रति सब लोग ईमानदार है, कोई भी देशभक्त ऐसा नहीं कह सकता है। राहुल गांधी अपने देश के नहीं विदेशों के नेता हैं। यही कारण है कि विदेशों में जाकर राहुल गांधी हिंदुस्तान के बारे में ऐसा बोलते हैं। कोई हिन्दुस्तानी ऐसा नहीं बोल सकता है तो राहुल गांधी को भी नही बोलना चाहिए। वह विपक्ष के नेता हैं। उन्हें सांसद में बोलना चाहिए। राहुल गांधी घर का भेदी लंका ढाए वाला काम कर रहे हैं। दरअसल, बीते हफ्ते राहुल की अमेरिका यात्रा के दौरान उनके दिए बयानों पर जमकर हंगामा मचा रहा। जातिगत जनगणना से लेकर आरक्षण तक के मुद्दे पर विवाद हुआ। भारत विरोधी अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से उनकी मुलाकात

पर सबसे ज्यादा विवाद हुआ। राहुल गांधी ने कहा था कि 'जब भारत एक निष्पक्ष जगह बन जाएगा तो कांग्रेस आरक्षण खत्म करने पर विचार करेगी। राहुल गांधी ने कहा कि भारत अभी निष्पक्ष जगह नहीं है। भारत में 90 फीसदी आबादी दलित, पिछड़ों और आदिवासियों की है, जो खेल में शामिल ही नहीं हैं।' केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को आभार व्यक्त किया है।

इन दिनों से रेल यात्रियों को मिलेगा वंदे भारत ट्रेन की सुविधा

वहीं पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि 18 सितंबर से ट्रेन संख्या 22303/22304 हावड़ा गया हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन किया जाएगा। यह ट्रेन गया और हावड़ा से गुरुवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन ही परिचालन होगा। जो दुर्गापुर, आसनसोल, धनबाद, पारसनाथ, कोडरमा रुकते हुए गया जंक्शन पहुंचेगी। वहीं 16 सितंबर से ट्रेन संख्या 22500/22499 वाराणसी देवघर वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन किया जाएगा। उक्त ट्रेन मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी। यह ट्रेन वाराणसी से डीडीयू, सासाराम, गया, नवादा, किऊल, जेसीडीह, देवघर जंक्शन पहुंचेगी। वहीं उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गया और हावड़ा के बीच अत्याधुनिक व विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का परिचालन का शुभारंभ किया गया है।

गया वासियों को दो और वंदे भारत ट्रेन की सौगात

बता दें कि रेल मंत्रालय द्वारा गया वासियों को दो और वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी है। गया जंक्शन से पहली बार वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया गया। गया हावड़ा वंदे भारत और वाराणसी देवघर वंदे भारत को पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया हैं। इस अवसर पर गया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 6 पर कार्यक्रम आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, पर्यावरण मंत्री डॉ प्रेम कुमार समेत कई नेता और रेलवे के अधिकारी शामिल हुए। इसके अलावे गया जंक्शन पटना रांची वंदे भारत और रांची वाराणसी वंदे भारत का परिचालन पहले से हो रहा है।

भेड़िया प्रभावित सिसैय्या चुंडामणि में पहुंचे सीएम योगी, परिवारों से मिले, अब तक हो चुकी हैं दस मौतें

लखनऊ। बीते मार्च से यूपी के बहराइच जिले में भेड़िया अपनी दहशत मचा रहा है। जुलाई और अगस्त में उसके हमले सबसे ज्यादा हुए हैं। वन विभाग की कई टीमें भेड़ियों को पकड़ने में लगी हुई हैं। रविवार को शाम साढ़े बजे करीब सीएम योगी आदित्यनाथ यहां पहुंचे। महसी तहसील क्षेत्र में भेड़ियों के हमलों में अपनों को गंवाने वाले परिवारों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात की। सीएम यहां गोरखपुर से उड़ान भरते हुए पहुंचे। महसी के ग्राम पंचायत सिसईया चूरामणि स्थित हेलीपैड पर उनका हेलीकॉप्टर उतरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भेड़िया के हमले में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों से जानकारी लेने के बाद जिले के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 • नई दिल्ली।। सोमवार 16 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

पीएम मोदी के जन्मदिन को भाजपा मनाएगी सेवा पखवाड़ा के रूप में

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा करेगी अनेक सेवा कार्य

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने महानगर में चल रहे सदस्यता अभियान की पकड़ बूथों पर सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंडल अध्यक्ष और मंडल प्रभारी तथा महानगर के पदाधिकारी संग नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया जिसमें सभी को संगठन के लहजे में निर्देशित किया गया कि व्यक्तिगत सदस्यता से अलग प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने की अनिवार्यता को वरीयता देते हुए बूथ की सदस्यता डोर टू डोर अभियान में और तेजी से जुट जाना है। साथ ही साथ उन्होंने बैठक के दौरान पार्टी द्वारा निर्देशित संगठन के नए आयाम के बारे में भी विस्तारपूर्वक जनकारी दी।

उन्होंने बताया संगठन पर्व के अंतर्गत पार्टी का सदस्यता अभियान पूरे महानगर में उत्साहपूर्ण वातावरण में चल रहा है। इसमें कोई शक नहीं है। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही गाजियाबाद महानगर अपना स्थान अपनी विशेष पहचान बनने पर काबिज है। फिर भी हमें बूथों पर 200 सदस्य बनाने के लक्ष्य को अर्जुन के लिए मछली की आंख वाली उक्ति के अनुसार साकार करना है।

हम सब के लिए हर्ष एवं गौरव का विषय है कि 17 सितम्बर को विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस है। सेवा परमो धर्मः को चरितार्थ करते हुए समाज के गरीब शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु अनेक उल्लेखनीय कार्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहे हैं। किसान कल्याण को प्राथमिकता के साथ-साथ अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए मोदी सरकार द्वारा अनेक ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। हम सभी देशवासी प्रधानमंत्री की कोटि-कोटि प्रशंसा एवं अभिनंदन कर रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के निर्देशानुसार जिला महानगर में सेवा पखवाड़ा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं गांधी जयंती के दौरान आयोजित की जा सकने वाली विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम होंगे।

पीएम मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर को महानगर में स्वच्छता अभियान एवं रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

करंट क्राइम। 17 सितम्बर को पूरे महानगर में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, आयोग, बोर्ड, निगम के पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष, मेयर,नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, महानगर पदाधिकारी एवं प्रत्येक मंडल से पांच लोगों की समिति सहित सभी जनप्रतिनिधि स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा रक्तदान शिविर में भी शामिल होंगे। स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से 17 से 19 सितम्बर, 2024 को महानगर में रक्तदान शिविरों का आयोजन होना है। युवा मोर्चा द्वारा इस शिविर का आयोजन किया जाएगा।

- 18 से 24 सितम्बर तक स्कूल एवं अस्पताल परिसरों में चलेगा स्वच्छता अभियान : 18 से 24 सितम्बर तक स्कूल एवं अस्पताल परिसरों में स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम तय किए हैं। मण्डल के किसी एक स्कूल एवं एक अस्पताल में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है।
- 23 सितम्बर को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन : 23 सितम्बर को आयुष्मान भारत योजना के शुभारंभ के दिन, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक स्थान पर 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन होगा। सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों, अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, विभिन्न बोर्डों और निगमों के अध्यक्षों को इन स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन में अग्रणी भूमिका की ज़िम्मेदारी तय की गई है।
- 15 दिनों तक प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व एवं उपलब्धियों की सचित्र प्रदर्शनी : महानगर में एक विद्यालय परिसर में 15 दिनों तक प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व एवं उपलब्धियों की एक सचित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। अन्य इण्टर कॉलेज के छात्रों को उस विद्यालय में लाकर प्रदर्शनी दिखाना तथा आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत 2047 और वोकल फॉर लोकल प्रसंगों पर आधारित प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।
- 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान : स्थानीय वन विभाग के समन्वय से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मध्य बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान भी चलाया जाएगा।
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती 25 सितम्बर (अधिकतम सदस्यता दिवस) : प्रत्येक बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित करनी है एवं उनके जीवन और योगदान को याद करते हुए कार्यक्रम होना है। कार्यक्रम के पश्चात बूथ पर एकत्रित सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सदस्यता करायेंगे। सभी को उस दिन बूथ पर न्यूनतम 100 सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करना है।
- 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान : महात्मा गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। प्रत्येक भाजपा परिवार को इस दिन कम से कम एक खादी उत्पाद खरीदना अनिवार्य है। जिससे खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा मिल सके।

पुलिस की सुपरफास्ट कार्रवाई से माहौल बिगड़ने से बचा, चार आरोपी गिरफ्तार

क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद की विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है और उपचुनाव से पहले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के पोस्टर बोर्ड उखाड़े जाने का मामला क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में गरमा गया। इस मामले में आईपीएस अधिकारी व एसीपी वेव सिटी के नेतृत्व में पुलिस ने सुपरफास्ट कार्रवाई करते हुए चार आरोपी जिन पर इस घटना को कारित करने का आरोप था, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजे गए हैं। पकड़े गए सभी आरोपी युवक हैं और अकबरपुर बहरामपुर के रहने वाले हैं। आईपीएस अधिकारी लिपि ने बताया है कि पुलिस ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बोर्ड और पोस्ट को हटाने के मामले में सौरभ यादव, अंशुल यादव, प्रिंस यादव और सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है।

प्रिंस यादव हत्या के प्रयास मामले में जा चुका है पहले भी जेल

करंट क्राइम : इस पूरे मामले पर जानकारी देते हुए आईपीएस अधिकारी लिपि ने बताया है कि क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र का रहने वाला प्रिंस यादव निवासी मंगल बाजार रोड अकबरपुर बहरामपुर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की उम्र लगभग 22 साल है और यह पूर्व में भी हत्या के प्रयास के मामले में जेल जा चुका है। बताया जा रहा है कि इन लोगों ने आगामी चुनाव के दृष्टिगत इस प्रकार की घटना को कारित किया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पीएम मोदी के जन्मदिवस पर गाजियाबाद में पौधारोपण करेंगे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

गाजियाबाद, करंट क्राइम : देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मोत्सव है। इसी अवसर पर गाजियाबाद में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया दुहाई स्थित कार्यालय पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह यहां पौधारोपण करेंगे। बता दें की वर्तमान में नितिन गडकरी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, जहाज रानी, जल संसाधन, नदी विकास मंत्रालय प्रमुख के रुप में उपस्थित होंगे। केंद्रीय मंत्री और मंत्रिमंडल में विशेष पोर्टफोलियो के नाते पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने रविवार को दुहाई स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया है। साथ ही नितिन गडकरी जिस रूट से आएंगे, उसपर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के साथ ही यातायात पुलिसकर्मियों को भी अलर्ट कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ ही रोड एंड सेफ्टी हाईवे अथॉरिटी से जुड़े अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और पौधारोपण करेंगे। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में भाजपा संगठन और स्थानीय जनप्रतिनिधि आमंत्रित नहीं किए गए हैं। इसलिए कार्यक्रम बेहद सूक्ष्म और निजी रहेगा।

ग्रीन हाईवे प्रोजेक्ट के तहत किया जाएगा पौधारोपण

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी यहां ग्रीन हाईवे प्रोजेक्ट के तहत नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के कार्यालय में पौधारोपण करेंगे। दरअसल नितिन गडकरी की योजना है कि देश के सभी प्रमुख हाईवे के आसपास और पूरे मार्ग पर पौधा रोपण किया जाए ताकि वहां हरियाली बढ़ाई जा सके। अधिक पौधे लगाने और हरियाली बढ़ाने का मकसद है कि वायु प्रदूषण की स्थिति को कंट्रोल किया जाए। देश में हरियाली के स्तर को बढ़ाया जाए ताकि ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक समस्याओं से काफी हद तक राहत मिल सके। 17 सितंबर को गाजियाबाद में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम भी इसी कड़ी के मद्देनजर आयोजित किया गया है।

करदाताओं की सहूलियत के लिए निगम ने लगाए अवकाश दिवसों में कर वसूली कैंप

शहर हित में हाउस टैक्स वसूली से बढ़ रही है विकास की रफ्तार, पार्षदों की अहम भूमिका : नगर आयुक्त

पांचों जोन के अंतर्गत शनिवार-रविवार 2 दिन के भीतर लगभग 45 लाख की वसूली

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार हाउस टैक्स वसूली की रफ्तार बढ़ाने के लिए अवकाश दिवसों में भी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। पांचों जोन के अंतर्गत शनिवार तथा रविवार 2 दिन के भीतर लगभग 45 लाख की वसूली कैंप से हुई है।

अवकाश के तीसरे दिन भी 16 सितंबर को कवि नगर जोन अंतर्गत वार्ड संख्या 47 शास्त्री नगर सी ब्लॉक शिव मंदिर के पास कैंप का आयोजन किया जाएगा तथा विजयनगर जोन के अंतर्गत वार्ड संख्या 27 आम्रपाली इंपीरियल क्रॉसिंग रिपब्लिक में हाउस टैक्स वसूली का कैंप लगाया जाएगा।

नगर निगम ने बढ़ाई हाउस टैक्स को लेकर रफ्तार से कार्य कर रहा है : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम लगातार हाउस टैक्स को लेकर रफ्तार से कार्य कर रहा है जिसमें समस्त जोनल प्रभारी अवकाश दिवसों में भी कैंप लगाकर हाउस टैक्स वसूली कर रहे हैं। जोनल कार्यालय में भी कैश काउंटर खोले जा रहे हैं। करदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षदों की भी अहम भूमिका कर वसूली में बनी हुई है। हाउस टैक्स वसूली से शहर के विकास में भी बेहतर कार्य हो रहे हैं जो कि सराहनीय हैं। हाउस टैक्स का सीधा शहर विकास पर प्रभाव पड़ता है जिसके क्रम में जन सहयोग भी निगम को प्राप्त हो रहा है।

पांचों जोन में 2 दिन में हुई 45 लाख की वसूली, कवि नगर और विजयनगर में आज भी लगेगा कर वसूली कैंप

करंट क्राइम। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार कर दाताओं की सहूलियत के लिए अवकाश दिवसों में भी हाउस टैक्स वसूली को लेकर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें कवि नगर अंतर्गत लोहा मंडी, कम्युनिटी सेंटर राज नगर में हाउस टैक्स वसूली कैंप लगाया गया जिसके क्रम में 6,70,340 की वसूली हुई। वसुंधरा जोन अंतर्गत गौर गैलेक्सी अपार्टमेंट सेक्टर 5 वैशाली, अलकनंदा रामपुरी सूर्य नगर, न्याय खंड 2 इंदिरापुरम में भी आवश्यक वसूली कैंप लगाया गया जिसके क्रम में 19,60,629 की वसूली हुई, सिटी जोन के अंतर्गत ब्लू मून समिति राज नगर एक्सटेंशन में हाउस टैक्स वसूली का कैंप लगाया गया जिसके क्रम में 3,35,368 की वसूली हुई। विजयनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 51 गुलाबी टंकी के पास, वार्ड संख्या 7 कृष्ण वाटिका हाउस टैक्स वसूली कैंप लगाया गया जिसके क्रम में 4,26,337 की वसूली हुई। मोहन नगर जोन अंतर्गत वार्ड संख्या 75 लाजपत नगर वार्ड संख्या 5 गगन विहार वार्ड संख्या 83 श्याम पार्क वार्ड संख्या 64 गरिमा गार्डन में भी हाउस टैक्स वसूली कैंप लगाया गया जिसके क्रम में 11,79,230 की वसूली हुई। किस प्रकार अवकाश दिवस 14 तथा 15 सितंबर को लगाए गए कैंप से लगभग 45 लाख से अधिक की वसूली की गई करदाताओं को सहूलियत रही 10% छूट का लाभ उठाया।

संपादकीय

मोबाइल के सच-झूठ

वायरलेस फोन से निकलने वाला विकिरण, यानी रेडिएशन हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है, इसकी चिंता तो मोबाइल फोन के आगमन से पहले ही आ गई थी। उस समय ही, जब कॉर्डलेस फोन इस्तेमाल होने लगे थे। मोबाइल फोन जब आए, तो यह कहने वाले कई मिल जाते थे कि इसे कमीज की सामने की बायीं जेब में नहीं रखना चाहिए, क्योंकि वहां पीछे दिल होता है और मोबाइल का रेडिएशन आपको दिल का मरीज बना सकता है या आपके दिल की धड़कन को प्रभावित कर सकता है। 5जी फोन आया, तो यह चिंता मोबाइल फोन की डाटा स्पीड से भी ज्यादा बढ़ गई। बढ़नी भी थी। इसके पहले के मोबाइल फोन 0.7 से 2.7 गीगाहर्ट्ज पर काम करते थे, जबकि 5जी फोन 80 गीगाहर्ट्ज पर। कुछ लोगों ने तो यह आंकड़ा देखकर ही हाय-तौबा शुरू कर दी। हालांकि, वैज्ञानिक यह समझाते रह गए कि यह नॉन-आयनिक रेंज है और इसका खतरा एक्स-रे या कॉस्मिक-रे जैसा नहीं है। मगर चिंता करने वाले इतनी आसानी से कहां मानते हैं! इस बीच 5जी फोन की संख्या और उनका इस्तेमाल तेजी से बढ़ा और उन पर चलने वाले वाट्सएप जैसे माध्यमों में यह प्रचार भी बढ़ा कि कैसे दुनिया इसी फोन की वजह से ब्रेन कैंसर की चपेट में आती जा रही है। हद तो तब हो गई, जब एक समय यह कहा गया कि 5जी टावर की वजह से लोगों को कोविड हो रहा है। वैज्ञानिक इस सब पर सिर्फ लीपापोती ही नहीं कर रहे थे, वे चिंतित भी थे। दुनिया भर में इसके कई गंभीर अध्ययन हुए और अलग-अलग तरह के नतीजे सामने आए, पर चिंताएं और अफवाहें बदस्तूर जारी रहीं, बढ़ती रहीं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ऐसे पांच हजार से भी ज्यादा अध्ययन जमा किए। सबको संजोया, उनका पूरे वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन किया। ठीक यहीं पर एक बात और समझ लेनी चाहिए कि कुछ दूसरे कैंसर की तरह ही हम ब्रेन कैंसर होने का कारण अभी भी ठीक से नहीं जानते। हमें नहीं पता कि कुछ लोगों को यह क्यों हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए यह अध्ययन करने वाले कैंसर वैज्ञानिक इस नतीजे पर पहुंचे कि मोबाइल फोन या उसके टावर से निकलने वाले विकिरण से कैंसर होने का या उसका जोखिम बढ़ जाने का खतरा है, इसके लिए दिए जाने वाले तर्क काफी कमजोर हैं। उनकी नजर में यह खतरा उस तरह का नहीं है, जितना कि इसे बताया जा रहा है।

अब जब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी तरफ से इस चिंता पर विराम लगाने की कोशिश कर दी है, तो क्या यह मान लिया जाए कि यह विवाद अब खत्म हो जाएगा? इसको लेकर सोशल मीडिया पर चलने वाली हाय-तौबा अब सुनाई देनी बंद हो जाएगी? इसका जवाब देना काफी मुश्किल है, क्योंकि यह समस्या अब उस जगह पर पहुंच चुकी है, जहां न तो वैज्ञानिकों का कोई बस चलता है और न ऐसे अध्ययनों का। सोशल मीडिया के झूठ पर सच का प्रहार अक्सर बेअसर ही दिखाई देता है। हमने अतीत में भी देखा है कि लोगों ने बहुत मेहनत से सोशल मीडिया के झूठ का पर्दाफाश किया, पर वह झूठ अभी तक उसी तरह प्रचार-प्रसार में है। आपको उस पर यकीन करने वाले भी बहुत से मिल जाएंगे।

भारत की रिन्यूएबल एनर्जी यात्रा अन्य उभरते हुए देशों के लिए मॉडल : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली। भारत की रिन्यूएबल एनर्जी यात्रा अन्य उभरते हुए देशों के लिए पथ प्रदर्शक है। केंद्रीय न्यू और रिन्यूएबल एनर्जी मंत्री प्रल्हाद जोशी की ओर से यह बयान दिया गया है। भारत की ओर से साल 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कारण लगातार रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। सरकार ने 2030 तक 500 गीगावाट की रिन्यूएबल क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है।

मंत्रालय की ओर से कहा गया कि भारत की रिन्यूएबल एनर्जी यात्रा को सरकार की मजबूत नीति और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी का समर्थन प्राप्त है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस द्वारा बनाया गया इंटरनेशनल सोलर एलायंस

(आईएसए) दुनियाभर में सोलर एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देता है विशेषकर विकासशील देशों में। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से पिछले महीने कहा गया कि जी20 में भारत एकमात्र देश है, जिसने 'पेरिस क्लाइमेट चेंज समिट-2015' में किए गए वादों को लेकर प्रतिबद्धता दिखते हुए उन्हें डेडलाइन से पहले पूरा किया है। मौजूदा समय में देश में स्थापित कुल सोलर और विंड पावर क्षमता क्रमशः 85.47 गीगावाट और 46.65 गीगावाट है। केंद्र सरकार की ओर से सोलर और विंड एनर्जी के विकास को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की जा रही हैं। 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन से 500 गीगावाट की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ऑटोमेटिक रूट से इस सेक्टर में 100 प्रतिशत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को अनुमति दी है। इकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक, भारत के पास अच्छा स्थापित इन्फ्रास्ट्रक्चर है, जिसके जरिए रिन्यूएबल एनर्जी जैसे सेक्टर में आसानी से एफडीआई आकर्षित कर सकता है।

पंजाबी लिपि 'गुरुमुखी' के जन्मदाता हैं गुरु अंगद देव

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गुरु अंगद देव को 'लहिणा जी' के नाम से भी जाना जाता है। अंगद देव जी पंजाबी लिपि 'गुरुमुखी' के जन्मदाता हैं। विलियम कैरी 1811 में अन्य भाषाओं के साथ-साथ पंजाबी का व्याकरण लिखने वाले पहले व्यक्ति थे। बाबा फरीद को पहला प्रमुख पंजाबी कवि माना जाता है। पंजाबी साहित्यिक परंपरा को बाबा फरीद (1173-1266) से शुरू माना जाता है, जिनकी सूफी कविताएं उनकी मृत्यु के बाद आदि ग्रंथ में संकलित की गईं।

लगभग पिछले 300 वर्षों से लिखित पंजाबी भाषा का मानक रूप, माझी बोली पर आधारित है, जो ऐतिहासिक माझा क्षेत्र की भाषा है। ऐसा माना जाता है कि ग्यारहवीं शताब्दी में पहली बार सूफी संतों ने पंजाबी को अरबी-फारसी लिपि में लिखा। गुरुमुखी को गुरु अंगद देवजी ने परिष्कृत किया और मानक लिपि का रूप दिया। ऐसा कहा जाता है कि लिपि का नाम गुरुमुखी भी गुरु अंगद देव जी ने ही दिया।

10वीं और 16वीं शताब्दियों के बीच पंजाबी के पूर्ववर्ती चरण को 'पुरानी पंजाबी' कहा जाता है, जबकि 16वीं और 19वीं शताब्दियों के बीच के चरण को 'मध्यकालीन पंजाबी' कहा जाता है। पंजाबी भाषा की उत्पत्ति भारतीय-यूरोपीय भाषाओं के परिवार में हुई है जिसमें फारसी और लैटिन शामिल हैं। पंजाबी भाषा को लिखने के लिए जिस लिपि का इस्तेमाल किया जाता है, उसे गुरुमुखी लिपि के नाम से जाना जाता है। गुरुमुखी लिपि को 'पैंती' भी कहा जाता है क्योंकि ऐतिहासिक रूप से इसमें कुल 35 अक्षर थे। (पंजाबी में, संख्या 35 को 'पैंती' कहा जाता है।) इन 35 अक्षरों को सात पंक्तियों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक पंक्ति में पांच अक्षर हैं। पंजाबी भाषा 7वीं शताब्दी ईसवी में प्राकृत के अपभ्रंश रूप में उभरी और 10वीं शताब्दी तक स्थिर हो गई। पंजाबी में सबसे प्रारंभिक लेखन 9वीं से 14वीं शताब्दी के नाथ योगी युग का है।

पूर्व पार्षद हिमांशु लव

अदाणी समूह ने महाराष्ट्र में बिजली आपूर्ति की बोली जीती, जेएसडब्ल्यू एनर्जी-टॉरेंट पावर को पछाड़ा

नई दिल्ली। महाराष्ट्र को दीर्घ अवधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा और ताप बिजली की आपूर्ति की बोली अदाणी समूल ने जीत ली है। कंपनी ने इसके लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई थी, जिसमें उन्होंने जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टॉरेंट पावर को पीछे छोड़ दिया। मामले की जानकारी देने वाले सूत्रों ने बताया कि 25 साल के लिए नवीकरणीय और ताप बिजली दोनों की आपूर्ति के लिए अदाणी समूह की बोली महाराष्ट्र द्वारा फिलहाल खरीदी जा रही बिजली की दर से एक रुपये यूनिट कम है। लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी होने की तारीख से 48 महीनों में बिजली की आपूर्ति शुरू होनी है।

अदाणी समूह अपनी पूरी आपूर्ति अवधि के दौरान सौर बिजली की आपूर्ति 2.70 रुपये प्रति यूनिट की दर पर करेगी। जबकि कोयले से उत्पादित बिजली का दाम कोयला कीमतों के आधार पर निर्धारित होगा। महाराष्ट्र

राज्य बिजली वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) ने मार्च में सूरज की रोशनी से उत्पन्न पांच हजार मेगावाट बिजली और कोयले से उत्पन्न 1600 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए एक विशेष टेंडर निकाला था। इसे लोकसभा चुनाव होने से पहले जारी किया गया था और विधानसभा चुनाव शुरू होने से पहले इसे अदाणी को दे दिया गया। सूत्रों ने बताया कि अदाणी समूह ने अनुबंध जीतने के लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई थी। दूसरी सबसे कम बोली 4.36 रुपये प्रति यूनिट जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने लगाई थी। यह महाराष्ट्र में पिछले साल खरीदी गई औसत बिजली कीमत 4.70 रुपये प्रति यूनिट से कम है। महाराष्ट्र बिजली नियामक आयोग (एमईआरसी) ने 2024-25 के लिए बिजली खरीद की औसत कीमत 4.97 रुपये प्रति यूनिट तय की है। चार कंपनियों ने 25 साल के लिए बिजली आपूर्ति के टेंडर में भाग लिया था। देश का सबसे बड़ा ताप बिजली उत्पादक अदाणी पावर की उत्पादन क्षमता 17 गीगावाट से अधिक है, जो 2030 तक बढ़कर 31 गीगीवाट तक हो जाएगी। इसके साथ ही अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड 11 गीगावाट की उत्पादन क्षमता के साथ देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी है।

भारत में 2045 तक 17.9 करोड़ बढ़ जाएगी कामकाजी लोगों की संख्या

नई दिल्ली। भारत की डेमोग्राफी आने वाले वर्षों में देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाएगी। 2045 तक देश में कामकाजी लोगों की संख्या में 17.9 करोड़ का इजाफा होगा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मौजूदा समय में भारत की कामकाजी लोगों की संख्या 96.1 करोड़ है और बेरोजगारी दर पांच वर्ष के निचले स्तर पर है। वैश्विक निवेश फर्म जेफरीज की ओर से कहा गया कि भारत में कामकाजी लोगों की संख्या (25 से 64 वर्ष की आयु) में इजाफा हो रहा है और कुल आबादी का एक बड़ा हिस्सा सेविंग्स और निवेश को लेकर सकारात्मक है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में कामकाजी लोगों में महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, जो कि लेबर फोर्स बढ़ने की अहम वजह है। जेफरीज की ओर से ताजा नोट में कहा गया है कि कामकाजी लोगों की संख्या में बढ़ोतरी में धीमापन 2030 से आना शुरू हो जाएगा। सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से अगस्त में जारी किए गए डेटा के मुताबिक, भारत में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों में अप्रैल-जून में बढ़कर 50.1 प्रतिशत हो गई है, जोकि अप्रैल-जून 2023 में 48.8 प्रतिशत थी, जो दिखाता है कि देश में रोजगार में इजाफा हो रहा है। इस साल अप्रैल से जून की अवधि में 15 वर्ष या उससे अधिक की उम्र की महिलाओं में एलएफपीआर दर बढ़कर 25.2 प्रतिशत हो गई है, जोकि 2023 की समान अवधि में 23.2 प्रतिशत थी। आरबीआई के डेटा के मुताबिक, पिछले दस वर्षों में देश में करीब 17 करोड़ लोगों को नौकरियां मिली हैं। देश में 2023-24 में 64.33 करोड़ लोगों को पास रोजगार था। 2014-15 में यह आंकड़ा 47.15 करोड़ था।

राशिफल

मेष : वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

वृष : अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

मिथुन : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

कर्क : धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

सिंह : पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

कन्या : परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

तुला : थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

वृश्चिक : शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

धनु : प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

मकर : कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

कुंभ : आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

मीन : अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

चुटकुले

टीचर- बेटा पप्पू- 'कबूतर' पर वाक्य बनाओ...
पप्पू- गुरु जी, दोपहर में दारू पी थी, शाम तक 'कब उतर' गई पता ही नहीं चला...
टीचर कोमा में है

पत्नी सुबह उठते ही चिल्लाने लगी - उठो जी, जल्दी नाश्ता बनाओ मुझे बाहर जाना है
पति- मैं आज ही तुमसे तलाक लूंगा अरे नहीं रहना मुझे तुम्हारे साथ एक पल भी जा रहा हूँ
मैं वकील के पास
थोड़ी देर बाद पति चुपचाप आकर कपड़े धोने लगा....
पत्नी - क्या हुआ?
पति- कुछ नहीं, वकील साहब अभी कपड़े धो रहे हैं..

पत्नी पति रात को रजाई में सो रहे थे
अचानक कमरे में 'किट किट' की आवाज आने लगी
पत्नी - उठो देखो चूहा कपड़े कुतर रहा है
पति - अरे सारी रजाई तूने खींच ली इसलिए सर्दी में मेरे दांत किटकिटा रहे हैं।

रोचक तथ्यों का करंट



- टाइटन का नम वातावरण, शनि का चंद्रमा इंद्रधनुष के गठन के लिए आदर्श है।
- झरने के निकट और पृथ्वी के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इंद्रधनुष आम तौर पर अधिक देखा जाता है।
- कोहरे पर चमकते सूरज की रोशनी द्वारा उत्पादित इंद्रधनुष के समान एक घटना Fogbow कहलाती है।
- पृथ्वी सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है जहां इंद्रधनुष संभव है।
- फ्लीज उनकी ऊंचाई से 200 गुना तक अधिक कूद सकता है। यह मनुष्य की तुलना में न्यूयॉर्क के एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को कूदने के समान है।
- रेनडियर की आंखों की पुतलियाँ सर्दियों में नीले रंग में बदल जाती है, जिससे उन्हें कम रोशनी के स्तर पर देखने में मदद मिलती है।
- एक बिल्ली के प्रत्येक कान में बत्तीस मांसपेशियां होती हैं।
- मधुमक्खियाँ अपने पैरों से स्वाद ले सकती हैं, और माना जाता है कि शहद के पास एक शाश्वत शैल्फ जीवन है।
- कंगारू के पूर्वज पेड़ों में रहते थे। आज यहां आठ अलग-अलग प्रकार के वृक्ष कंगारू हैं। महिला कंगारूओं में तीन योनि होती हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

करंट क्राइम

16 09 2024

आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन

मीना
अभिनेत्री

ओजस्वी शर्मा

कार्तिकेय नागर

साहिल एहमद

दीपक गोयल

विद्यांशु त्यागी

आदर्श शर्मा

चंद्रपाल भारती

मयंक शर्मा

भूप सिंह यादव

परमेन्द्र त्रिपाठी

राजू देवराज

आलोक शर्मा

तेज सिंह कसाना

लकी शर्मा

रेहान कुरैशी

रोबिन

मुकेश गुप्ता

सागर शर्मा

विकास रस्तोगी

संदीप तिवारी

अनुभव शर्मा

टिल्लू धामा

वेदांशु त्यागी

राहुल शर्मा

मोनीस सलीम

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

कठिन प्रतिद्वंद्वी है भारत, लेकिन हमने ताकत दिखाई है: ट्रैविस हेड

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने कहा कि भारत के खिलाफ खेलना बेहद मुश्किल है, और रोहित शर्मा की अगुवाई

वाली टीम के खिलाफ सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन करना उनके लिए अच्छा रहा है।

2023 में, हेड ने लंदन और अहमदाबाद में क्रमशः भारत के खिलाफ शानदार शतक लगाकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस साल सेंट लूसिया में टी20 विश्व कप सुपर आठ गेम में, हेड ने 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 43 गेंदों पर 76 रनों की तूफानी पारी खेली, लेकिन जसप्रीत बुमराह की गेंद पर उनके आउट होने से ऑस्ट्रेलिया भारत से 24 रन से पीछे रह गया।

हेड ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ह्लमुझे नहीं लगता कि वे मेरे पसंदीदा हैं। मुझे बस ऐसा लगता है कि हम उनके साथ काफी खेलते हैं, उनके साथ खूब खेलते हैं। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों से मैं अच्छी फॉर्म में हूं। इसलिए अच्छा खेल पाना हमेशा अच्छा होता है। मुझे लगता है कि प्रतियोगिता के लिए तैयार होना मुश्किल नहीं है। यह बहुत प्रतिस्पर्धी है। खेल के लिए तैयार होना आसान है। इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि वे मेरे पसंदीदा हैं।

2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत और ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर से 7 जनवरी, 2025 तक पर्थ, एडिलेड (गुलाबी गेंद का मैच), ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में टेस्ट मैच खेलेंगे। टेस्ट में मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में बल्लेबाजी करने वाले हेड ने कहा कि वह इस महत्वपूर्ण श्रृंखला में भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा, वे बेहद कठिन हैं, लेकिन कुछ मैचों में अच्छा खेलना अच्छा रहा और अच्छी तैयारी करने और खेलने के लिए तैयार होने का इंतजार है और उम्मीद है कि मैं हमारे लिए एक सफल गर्मी में योगदान दे पाऊंगा।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती है, जो क्रमशः 2018/19 और 2020/21 में यहां खेली गई थी।

प्रज्ञान ओझा ने रोहित शर्मा से मुंबई इंडियंस के साथ बने रहने का किया आग्रह

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ ही, भारत के पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा ने मुंबई इंडियंस के स्टार खिलाड़ी रोहित शर्मा के भविष्य के बारे में अपनी राय व्यक्त की है। ओझा ने सलामी बल्लेबाज से फ्रेंचाइजी के साथ बने रहने का आग्रह किया है, उन्होंने उनके महत्वपूर्ण प्रभाव और प्रशंसकों और प्रायोजकों के बीच उनकी वफादारी का हवाला दिया है।

मुंबई इंडियंस (एमआई) के साथ रोहित शर्मा का भविष्य चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि पिछले सीजन से पहले उन्हें कप्तानी से मुक्त कर दिया गया था और उनकी जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया गया था। तब से, शर्मा और एमआई प्रबंधन के बीच संभावित दरार के बारे में अफवाहें फैल रही हैं, जिससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह एक नई टीम में शामिल होने की सोच रहे हैं।

ओझा, जिन्होंने शर्मा के करियर को करीब से देखा है, उनका मानना है कि क्रिकेटर का मुंबई इंडियंस के साथ जुड़ना पारस्परिक रूप से फायदेमंद रहा है।

प्रज्ञान ओझा ने आईएएनएस से कहा, मुझे लगता है कि फ्रेंचाइज क्रिकेट राज्य और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बिल्कुल अलग है, क्योंकि इसके नियम बिल्कुल अलग हैं। लेकिन व्यक्तिगत रूप से, अगर आप मुझसे पूछें, तो मैंने रोहित शर्मा को इस तरह के मुकाम तक बढ़ते देखा है। इसलिए मुझे लगता है कि अगर वह मुंबई इंडियंस के साथ बने रहते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा, क्योंकि रोहित शर्मा के बहुत सारे प्रशंसक और प्रायोजक हैं, क्योंकि वे उनसे जुड़े हुए हैं। लेकिन यह फ्रेंचाइज और खिलाड़ी के साथ-साथ नियमों पर भी निर्भर करता है।

आईपीएल 2024 सीजन में रोहित शर्मा का प्रदर्शन टीम के लिए उनके महत्व को और भी दर्शाता है।

कुछ वर्षों से जेक पर मेरी नजर है : रिकी पोंटिंग

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचा देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से वह दाएं हाथ के बल्लेबाज के करियर पर नजदीकी नजर रख रहे हैं। फ्रेजर-मैकगर्क को डेविड वार्नर के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि उन्होंने इस साल आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 234.04 की आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट के साथ 330 रन बनाए थे, जिसके मुख्य कोच पोंटिंग थे।

लेकिन उन्होंने पिछले हफ़्ते स्कॉटलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 3-0 की जीत में दो शून्य सहित केवल 16 रन बनाकर अपने टी20ककरियर की खराब शुरूआत की। साउथम्प्टन में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में नहीं खेलने के बाद, फ्रेजर-मैकगर्क कार्डिफ में दूसरे मैच के लिए वापस आए और 29 गेंदों पर अपना पहला टी20 अर्धशतक बनाया, हालांकि यह मैच हार गए।

उसने अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूम नहीं मचाई है, लेकिन वह ऐसा करेगा। मैं पिछले कुछ वर्षों से उस पर नजर रख रहा हूं , उसे बिग बैश में और वहां खेले गए कुछ कैमियो में देखा है। हमने उसे आईपीएल में दिल्ली में शामिल किया और वहां उसने जो कुछ किया वह अविश्वसनीय था। वह गेंद को इतनी सफाई से और इतनी जोर से मारता है जितना मैंने कभी किसी को नहीं देखा, और वह मुझसे थोड़ा लंबा है ह्व

वह बहुत बड़ा नहीं है। लेकिन वह उन लोगों में से एक है, जो लोगों के बीच आते हैं और वे जन्मजात क्रिकेटर होते हैं।

बांग्लादेश के कप्तान शांतो ने कहा -

'हम भारत से दोनों मैच जीतने के लिए खेलेंगे'

ढाका। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कहा कि उनकी टीम भारत के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले दोनों टेस्ट मैच जीतने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश की टेस्ट टीम रविवार दोपहर ढाका से चेन्नई के लिए रवाना हुई।

बांग्लादेश की टेस्ट टीम ढाका से चेन्नई के लिए रवाना हुई।

चेन्नई में पहला टेस्ट 23 सितंबर को समाप्त होने के बाद, कानपुर का ग्रीन पार्क स्टेडियम 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। बांग्लादेश इस सीरीज में रावलपिंडी में ऐतिहासिक परिणाम में पाकिस्तान को 2-0 से हराने के बाद उतरेगा।

यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण सीरीज होने जा रही है। एक अच्छी सीरीज के बाद निश्चित रूप से टीम में, देश के लोगों में एक अतिरिक्त आत्मविश्वास है। हर सीरीज एक अवसर है।

टीम के चेन्नई रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए द डेली स्टार ने शांतो के हवाले से कहा, हम दोनों मैच जीतने के लिए खेलेंगे। जीतने के लिए जो चीजें मायने रखती हैं, प्रक्रिया मायने रखती है...हमारा लक्ष्य काम को सही तरीके से करना होगा। अगर हम अपना काम ठीक से करें तो अच्छे नतीजे संभव हैं।

दोनों टेस्ट मैच चल रहे 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा हैं, जहां भारत 68.52 प्रतिशत अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है, जबकि बांग्लादेश 45.83 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। पिछली बार जब बांग्लादेश ने टेस्ट सीरीज के लिए भारत का दौरा किया था, तो वह 2019 में था, जब उन्हें 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

अगर आप रैंकिंग देखें, तो वे हमसे बहुत आगे हैं। हम हाल ही में अच्छा खेल रहे हैं। हमने अच्छी सीरीज खेली है। हमारा लक्ष्य पांच दिनों तक अच्छा खेलना होगा। परिणाम आखिरी दिन आखिरी सत्र में आता है।

सुपर लीग केरल: कालीकट एफसी ने मलप्पुरम एफसी को 3-0 से हराया

मलप्पुरम। सुपर लीग केरल 2024 एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना, जब बहुप्रतीक्षित पहला मालाबार डर्बी शनिवार को मलप्पुरम के खचाखच भरे मंजेरी पय्यानाड स्टेडियम में मलप्पुरम एफसी और कालीकट एफसी के बीच खेला गया।

मलप्पुरम के शुरूआती नियंत्रण के बावजूद, कालीकट एफसी ने धीरे-धीरे अपनी लय हासिल कर ली और 22वें मिनट में उनकी दृढ़ता का फल मिला, जब गनी अहमद ने रक्षात्मक चूक का फायदा उठाया और गेंद को मलप्पुरम के गोलकीपर मिधुन के ऊपर से निकाल दिया, जिससे कालीकट को बढ़त मिल गई। दूसरे हाफ में मलप्पुरम एफसी नए दृढ़ संकल्प के साथ सामने आई और खेल को पलटने के लिए अपने लाइनअप में महत्वपूर्ण बदलाव किए। अपनी ऊर्जावान शुरूआत के बावजूद, कालीकट एफसी ने धीरे-धीरे गति निर्धारित करते हुए और अवसरों का फायदा उठाते हुए मैच पर नियंत्रण हासिल कर लिया। निर्णायक मोड़ 62वें मिनट में आया, जब कालीकट एफसी के प्रतिष्ठित स्टार, कर्वेंस बेलफोर्ट ने एक अच्छे शॉट के साथ गोल किया, जिससे कालीकट की बढ़त दोगुनी हो गई।

कालीकट एफसी अब आत्मविश्वास से भरपूर और डिफेंस में मजबूत हो गई और सीजन की अपनी पहली जीत हासिल करने के लिए तैयार थी। जैसे ही मैच समाप्ति के करीब आया, गनी अहमद ने अतिरिक्त समय के दौरान मैच के अपने दूसरे गोल के साथ कालीकट की जीत पक्की कर दी और एक यादगार प्रदर्शन पूरा किया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

उस्मान ख्वाजा ने की अश्विन की प्रशंसा

नई दिल्ली। बहुप्रतीक्षित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले, ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की उनकी सामरिक प्रतिभा और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी क्रम को लगातार चुनौती देने के लिए प्रशंसा की है।

22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाले प्रथम टेस्ट से पहले, ख्वाजा ने अश्विन के बेजोड़ कौशल को स्वीकार किया, उन्हें एक ₹रणनीतिक₹ गेंदबाज कहा जो लगातार अपने विरोधियों को मात देने की कोशिश करता है।

ख्वाजा ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, ₹रवि एक बहुत अच्छा गेंदबाज है। वह बहुत रणनीतिक है; उसके पास हमेशा एक योजना होती है। वह इसे समझने और खेल में आगे रहने की कोशिश करता है, जिसका मैं सम्मान करता हूं।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में सर्वाधिक विकेट भारतीय गेंदबाजों के नाम

नई दिल्ली। 19 सितंबर से शुरू होने वाली भारत बनाम बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन हमेशा की तरह अहम होगा। भारतीय पिचों पर स्पिनरों को मदद मिलती रही है। हालांकि भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा विकेटों के मामले में जो गेंदबाज नंबर एक पर है वह एक तेज गेंदबाज है। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों पर एक नजर डालने पर पेस बॉलर्स स्पिनरों पर भारी पड़ते हैं।

पेस बॉलर्स स्पिनरों पर भारी पड़ते हैं

इस मामले में बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान नंबर एक पर हैं। जहीर खान ने बांग्लादेश के खिलाफ 7 टेस्ट मैचों में 31 विकेट लिए हैं। उनकी घातक स्विंग और सटीक लाइन-लेंथ ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया है। जहीर ने यह विकेट 24.25 की औसत के साथ लिए हैं।

इस लिस्ट में दूसरे गेंदबाज भी पेसर हैं। लम्बे कद के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने भी बांग्लादेश के खिलाफ 7 टेस्ट में मात्र 20.88 की औसत के साथ 25 विकेट चटकाए हैं। उनकी उछाल और मूवमेंट बांग्लादेशी बल्लेबाजों के खिलाफ काफी कारगर साबित हुई है।

तीसरे नंबर पर इस लिस्ट में स्पिनर की एंट्री होती है। ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 6 टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ 23 विकेट लिए हैं। उनकी विविधता और घूमती गेंदें बांग्लादेशी बल्लेबाजों के लिए हमेशा चुनौती रही हैं। अश्विन ने यह विकेट 26.78 की औसत के साथ लिए हैं। चौथे नंबर पर एक बार फिर से तेज गेंदबाज ने वापसी की है।

जहीर खान ने बांग्लादेश के खिलाफ 7 टेस्ट मैचों में 31 विकेट लिए

भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है, 19 सितंबर से 10 मैचों का टेस्ट सत्र शुरू

नई दिल्ली । 19 सितंबर से भारत का 10 मैचों का कठिन टेस्ट सत्र शुरू होगा, जब वह एमए चिदंबरम स्टेडियम में दो मैचों की सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा।

भारत इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए अपनी तैयारी शुरू कर रहा है, जबकि बांग्लादेश पाकिस्तान को 2-0 से हराने के बाद अपने अच्छे फॉर्म को जारी रखने का लक्ष्य रखेगा।

भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा, जिन्होंने 2008 से 2013 तक टेस्ट क्रिकेट खेला, लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के आगामी सत्र में मणिपाल टाइगर्स के लिए खेलने के लिए तैयार होंगे। उन्होंने 'आईएएनएस' से 20 सितंबर से शुरू हो रहे एलएलसी सीजन तीन, बांग्लादेश के खिलाफ भारत की सीरीज, भारतीय क्रिकेट के भविष्य और अन्य विषयों पर विशेष बातचीत की।

टेस्ट में बांग्लादेश को हल्के में नहीं लिया जा सकता: प्रज्ञान

"मुझे खुशी है कि एलएलसी और जो लोग इसे आयोजित कर रहे हैं, उन सभी क्रिकेटरों को दूसरा मौका देने की उनकी कोशिश बहुत अच्छी है जो इससे दूसरी ज़िंदगी बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रश्न: एलएलसी शुरू होने वाला है और इसमें दिग्गजों को फिर से एक्शन में देखने को मिलेगा। आप कितने उत्साहित हैं?

उत्तर: सबसे पहले, इसमें कई परतें हैं। पहली परत यह है कि आपको अपने पुराने दोस्तों के साथ खेलने का मौका मिल रहा है, जिनके साथ आपने बहुत समय बिताया है और उनके साथ राज्य और देश स्तर पर खेलने का मौका मिला है। इसलिए, आपको उनके साथ फिर से खेलने का मौका मिल रहा है। यह पिछले 2-3 सालों से चल रहा है, इसलिए हर कोई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

दूसरी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एक क्रिकेटर या किसी अन्य पेशे के रूप में, आपको फिर से इसमें रहने का मौका मिल रहा है। यह हमेशा एक बहुत ही खास स्थान रखता है। तीसरा, कुछ लोग हैं जो भाग्यशाली हैं और आर्थिक रूप से बहुत मजबूत हैं। लेकिन कुछ लोग हैं जो भरपाई करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि जब आप ड्राफ्ट, नीलामी के बारे में बात करते हैं, तो यह बहुत छोटी राशि नहीं है जिसकी आप बात कर रहे हैं; यह बहुत अच्छी राशि है।

तो बहुत से लोगों को बहुत मजबूत वित्तीय सहायता मिल रही है, जो बहुत अच्छी बात है। मुझे खुशी है कि एलएलसी और जो लोग इसे आयोजित कर रहे हैं, उन सभी क्रिकेटरों को दूसरा मौका देने की उनकी कोशिश बहुत अच्छी है जो इससे दूसरी ज़िंदगी बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

जो लोग अब खेल रहे हैं, वे सभी रिटायर हो चुके हैं - जैसे कि वे लोग जिन्होंने देश के लिए खेला है, और जिन्हें आईपीएल खेलने का सौभाग्य मिला है। यह सब खेलने के बाद, कहीं न कहीं आप आर्थिक रूप से सुरक्षित हैं।

ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने इतने सालों तक जो किया है, उसके कारण उन्हें खेलने का मौका मिल रहा है, जो बहुत अच्छा है और मुझे खुशी है कि ऐसा अवसर बनाया गया है।

बेंगलुरु एफसी ने ईस्ट बंगाल से 1-0 से जीती पहली बाजी

बेंगलुरू । बेंगलुरू एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सीजन 2024-25 में अपने अभियान की शुरूआत जीत से की। ब्लूज ने शनिवार को अपने घरेलू मैदान श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेले गए अपने पहले मैच में ईस्ट बंगाल एफसी 1-0 से हरा दिया। बेंगलुरू एफसी की जीत में 19 वर्षीय युवा मिडफील्डर विनीत वेंकटेश ने अपने डेब्यू मैच का पहला गोल 25वें मिनट में किया। बेंगलुरू एफसी का सबसे युवा गोल स्कोरर बनने के लिए विनीत को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

ब्लूज की जीत से स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा निश्चित रूप से प्रसन्न होंगे, क्योंकि बेंगलुरू एफसी ने आईएसएल में ओपनिंग मैच जीतने का बेहतरीन रिकॉर्ड कायम रखा। वहीं, रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड की हार से स्पेनिश हेड कोच कार्लेस कुआड्राट जरूर खफा होंगे, क्योंकि इस परिणाम के बाद ईस्ट बंगाल एफसी का खराब शुरूआत का आंकड़ा बरकरार रहा।

मैच का एकमात्र गोल 25वें मिनट में आया, जब 19 वर्षीय युवा मिडफील्डर विनीत वेंकटेश ने अपने पहले ही आईएसएल मुकाबले में गोल करके बेंगलुरू एफसी को शुरूआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया।

अटैकिंग थर्ड पर गेंद पाने के बाद स्पेनिश विंगर एडगर मेंडेज ने बॉक्स के अंदर दाहिनी तरफ पास दिया, जिस पर विनीत ने करारा राइट फुटर ग्राउंड शॉट लगाकर गेंद को लेफ्ट बॉटम कॉर्नर के अंदर पहुंचा दिया जबकि ईस्ट बंगाल के गोलकीपर प्रभसुखन गिल अपनी दाहिनी तरफ डाइव लगाकर भी बचाव नहीं कर पाए।

ओलिविया गैडेकी पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल में

जैपोपन। ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर ओलिविया गैडेकी ने शनिवार के सेमीफाइनल में कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को 6-2, 6-3 से हराकर ग्वाडलाजारा ओपन एक्रोन में अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए फाइनल में जगह बना ली।

ओलिविया के रास्ते में पोलैंड की नंबर 5 सीड मैगडालेना फ्रेच खड़ी हैं

उनके रास्ते में पोलैंड की नंबर 5 सीड मैगडालेना फ्रेच खड़ी हैं, जिन्होंने नंबर 4 सीड कैरोलिन गार्सिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में अपनी जगह बनाई।

फ्रेच ने दोनों सेटों में पीछे से संघर्ष किया और अंततः 7-6(4), 7-5 से जीत हासिल कर साल के दूसरे डब्ल्यूटीए फाइनल में जगह बनाई। गैडेकी और फ्रेच के बीच चैंपियनशिप मैच पहली बार का प्रदर्शन होगा, क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपने पहले डब्ल्यूटीए एकल खिताब का पीछा करेंगी - और वह भी प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीए 500 स्तर पर।

इस सप्ताह गैडेकी की वृद्धि उल्लेखनीय रही है। ग्वाडलाजारा इवेंट से पहले, उसने जनवरी के बाद से कोई टूर-स्तरीय मैच नहीं जीता था, और उसने दुनिया में 152वें स्थान पर टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। फाइनल में पहुंचने से वह इस वर्ष डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी सबसे निचली रैंक वाली खिलाड़ी बन गई हैं। अगर वह रविवार को जीत हासिल करती हैं, तो वह 2024 की सबसे निचली रैंकिंग वाली चैंपियन बन जाएगी।

ओलिविया गैडेकी ने सेमीफाइनल में कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को 6-2, 6-3 से हराया

मुरादनगर में तेज रफ्तार बस ने भाई-बहन को कुचला: ट्यूशन जाने के लिए ऑटो के इंतजार में खड़े थे दोनों, बहन की मौत

- 15 साल की बेटी निकिता और बेटा शिवम ट्यूशन पढ़ने के लिए रोजाना मोदीनगर जाते थे।

मोदीनगर करंट क्राइम। गाजियाबाद के मुरादनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल से पहले ट्यूशन जाने के लिए ऑटो के इंतजार में खड़े भाई-बहन को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कुचला। हादसे में बहन की मौत हो गई। जबकि भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर बस को कब्जे में ले लिया है।

गांव जलालाबाद निवासी सचिन कुमार परिवार सहित रहते है। उनकी 15 साल की बेटी निकिता और बेटा शिवम ट्यूशन पढ़ने के लिए रोजाना मोदीनगर जाते है।

दोपहर एक बजे के आसपास भाई-बहन गांव जलालाबाद से पैदल चलकर गंगनहर पुल के पास पहुंचे। वह मोदीनगर जाने के लिए कृष्णा सागर होटल के सामने ऑटो के इंतजार में खडे.थे।

इसी बीच मुरादनगर की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने भाई बहन को कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों को तुरन्त मोदीनगर के जीवर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर डॉक्टरों ने निकिता को मृत घोषित कर दिया। जबकि शिवम की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

आईफा के छात्र-छात्राओं ने किया साप्ताहिक कला कार्यशाला का आयोजन



मोदीनगर, करंट क्राइम। इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के छात्र-छात्राओं द्वारा छह दिवसीय मोदी मंदिर में कला कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला आईफा के मैनेजर डॉ0 संघर्ष शर्मा एवं शिक्षकों के निर्देशन में आयोजित की गई। मोदी मंदिर के प्रांगण में आयोजित इस कला कार्यशाला में मंदिर के बाह्य भागों को विभिन्न विशिष्ट कोण से छात्र-छात्राओं ने बहुत ही सुंदर, आकर्षक कलाकृतियां बनाई तथा कुछ छात्रों ने मंदिर के अंदर विराजमान विभिन्न इष्टदेव भगवान,देवी देवताओं, की आकर्षक व मनमोहन कलाकृतियों को कागज पर उगेरा। कला कार्यशाला के अंतिम दिन सभी छात्राओं ने अपनी बनाई गई कलाकृतियों को प्रदर्शित किया और बाद में छात्र-छात्राओं ने मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई कलाकृतियां की प्रदर्शनी मंदिर के ऑडिटोरियम में अगले माह प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आइफा संस्थान के निदेशक एसके राय, मंदिर के मैनेजर जितेंद्र चैधरी व मंदिर के प्रधान महंत देवेंद्र शास्त्री का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, डॉ0 रूचि विद्यार्थी, प्रशांत झा, ओमपाल सिंह, प्रीति शर्मा, दीपांशु, अनुराधा, सोनू, धर्मेंद्र, भगवान सिंह वं मोदी मंदिर स्टॉफ का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

मिस्ड कॉल वाले वोट देते हैं और बिना मिस्डकाल वाले चुनाव लड़ते हैं

फूल वालों के यहां कुनबा जोड़ो अभियान चल रहा है। कमल वालों के यहां कमाल ये भी हो रहा है कि परिवार का सदस्य दूसरे सदस्य को परिवार से जोड़ रहा है और वो भी मोबाईल की मिस्डकाल से। अगर फूल वाला परिवार है तो फिर परिवार में ये कवायद कैसी । फार्मर फ्रंट के भगवा भारद्वाज ने कहा कि सरकार भी फूल की और परिवार भी फूल का ही है लेकिन रूल ये है कि हर 6 साल बाद सदस्यता का नवीनीकरण होता है और ये वही हो रहा है। पालिटिक्स में फैमिली रिन्यूवल होते सब पहली बार देख रहे हैं। लेकिन देवतुल्य ने बिटर ट्रुथ अपने मुख से रखा। उसने कहा कि मिस्डकॉल वाले वोट देते हैं और बिना मिस्डकॉल वाले चुनाव लड़ते हैं। निगम वाले मेंबरों के नाम गिनाये और दावा किया कि निकलवा लो उनका चुनावी शिजरा फिर देखना सियासी मुजरा। दावा किया कि दो त्यागी मेंबर बिना मिस्डकॉल के ही टिकट भी लाये और जीत भी गये। लाईनपार के नाम गिनाये फिर बताया कि हाथी वाली मैडम,साईकिल से एक वोट से हारने वाला भी अब फूल मेंबर हैं। नदियापार के नाम गिनाये और बताया कि मिस्डकॉल का खेल तो देवतुल्यों के लिये हैं। 10 मिस्डकॉल लगवा लो या 100 लगवा लो लेकिन मिस्डकालें टिकट से लेकर पद के टाईम पर मिस हो जाती हैं और टारगेट वो शूट करते हैं जो दिल्ली लखनऊ में सेटिंग मजबूत रखते हैं।

बोला वो भाजपाई दरअसल वो हैं फूलवालों की निर्मला ताई

वो चुनाव लड़े या ना लड़े लेकिन वो जुबानी जंग लड़ने से कतई पीछे नही हैं। फ्लावर वाली मैडम का स्टाईल फॉयर वाला हैं और स्माईल वाले सीन कम ही होते हैं। कहा तो ये भी जाता है कि कुछ पुरानी याद भी हैं और उन यादों से जुड़ी कुछ आग भी हैं जो आज भी सुलग रही हैं। जिक्र सियासत वालों में चला तो कहने वाले ने कहा कि ऐसा नही है कि उनके फेस पर स्माईल नही आती। लेकिन वो बड़ी लीडर है इसलिये उनका स्टाईल ऐसा हैं। आप दरअसल ये मानकर चलें कि वो गाजियबाद की फ्लावर पालिटिक्स में निर्मला ताई हैं। वो बहुत बड़ी लीडर है और बहुत ही वरिष्ठ भाजपाई हैं।

अगर महकमें के अफसरों ने खोली जुबान तो आ जायेगा तूफान

पांच साल पहले भी यही हाल रहा और पांच साल के बाद दूसरी पारी में भी सीन वो ही रिपीट हो रहा है। पहले तो देवतुल्य ही मन का गुबार निकालते थे मगर अब तो जन के प्रतिनिधि भी सरकार तक अपनी तकरार को रख रहे हैं। मैटर ही ऐसे हो गये है कि लैटर पर लैटर लिखे जा रहे हैं। ये अलग बात है कि महाराज ने इस कान से सुनकर उस कान से निकाल दी हैं और संदेश दे दिया कि तुम्हारें कहने से तो चपरासी भी नही हटाऊंगा। आरोपो को लेकर महकमें के बाबू ने ही कहा कि अगर हैल्थ वालों ने वैल्थ का हिसाब दे दिया तो आप यकीन मानों कि कई बीमार हो जायेगें। उन्होने कहा कि महकमें के अफसरों ने अगर अपनी जुबान खोली तो आप यकीन मानों कि तूफान ही आ जायेगा । वो सिस्टम से भी अपडेट हैं और उन्हे पता है कि कौन कितने पानी में हैं।

ट्रेन टिकट कैंसिल के चक्कर में 4.22 लाख गंवाए

- गूगल पर नंबर ढूंढा, फ्रॉड ने रेलवेकर्मी बनकर डिटेल पाई, फिर दो खातों से निकाला पैसा



गाजियाबाद। गाजियाबाद की एक महिला को ट्रेन का टिकट कैंसल कराने के लिए गूगल से मिले नंबर पर कॉल करना भारी पड़ गया। दरअसल, वो नंबर फ्रॉड का था। उसने महिला को अपनी बातों में ऐसा फंसाया कि वो कुछ समझ नहीं पाईं और खाते से 4 लाख 22 हजार रुपए निकाल लिए। पूरे मामले में पीड़ित महिला ने गाजियाबाद के थाना कौशांबी में एफआईआर कराई है। वैशाली निवासी प्रमिला वोहरा ने बताया- मैंने एक रेलवे टिकट ऑनलाइन बुक कराई थी। ऐन वक्त पर ट्रेन कैंसिल हो गई। इसलिए मैंने टिकट कैंसिल कराने के लिए गूगल पर हेल्पलाइन नंबर सर्च किया। वहां से मुझे एक नंबर मिला। मैंने उस पर कॉल की। कॉल उठाने वाले व्यक्ति ने रेलवे हेल्पलाइन से खुद को सतीश शर्मा बताया। उसने टिकट कैंसिल कराने के लिए मुझे एक एप डाउनलोड करने को कहा और उस एप का लिंक भेजा। मैंने एप डाउनलोड कर लिया। उसके अंदर एक फार्म मौजूद था। इसमें नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और कंप्लेंट का कॉलम भरना था। कंप्लेंट वाले कॉलम में मैंने रिफंड भर दिया।

दो खातों से निकाला गया पैसा

प्रमिला वोहरा ने बताया- पूरा फॉर्म भरने के बाद कथित जालसाज ने मुझसे पूछा कि आप रिफंड किस तरह से लेना चाहती हो। मैंने यूपीआई का ऑप्शन दिया। इस पर उसने कहा कि वढकमें प्रॉब्लम चल रही है। नेट बैंकिंग के थ्रू रिफंड आ सकता है। मैंने नेट बैंकिंग की इन्फॉर्मेशन डाल दी। इसके बाद मुझे फॉरगेट पासवर्ड का मैसेज आया और चंद मिनटों में मेरे बैंक खाते से पैसे कटने शुरू हो गए। रइकअकाउंट से 1.24 लाख रुपए, यूपीआई अकाउंट से 2.98 लाख रुपए कट गए।

थाना कौशांबी में हुई एफआईआर

पीड़ित महिला के अनुसार- मेरा मोबाइल हैंग जैसा हो चुका था। ऐसा लग रहा था, जैसे मोबाइल का रिमोट फ्रॉड के हाथ में हो। मैंने एटीएम कार्ड को ब्लॉक करना चाहा तो वो भी नहीं हुआ। अब नेट बैंकिंग पर मेरे मोबाइल नंबर से लॉग इन भी नहीं हो रहा। आशंका है कि फ्रॉड ने नेट बैंकिंग का मोबाइल नंबर भी बदल दिया है। तमाम थक हारने के बाद कस्टमर केयर पर कॉल करके दोनों एमटीएम कार्ड ब्लॉक कराए। लेकिन तब तक दोनों खातों से 4 लाख 22 हजार रुपए निकल चुके थे। थाना कौशांबी पुलिस ने इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

कूड़े की समस्या को लेकर एनआईबी पुलिस चौकी के पास इंदिरापुरम के लोगों ने किया हंगामा

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। नोएडा सेक्टर 62 के पास नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर कई वर्षों से खोड़ा नगरपालिका अवैध रूप से कचरा डालती आ रही है। जिसमें से आए दिन बदबू और आग लगने के बाद अति विषैले गैस निकलकर नोएडा, खोड़ा गांव तथा इंदिरापुरम के लाखों की आबादी के फेफड़ों को जलाने का काम कर रहा है। सुपरटेक आइकॉन सोसाइटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने कहा कि डाक्टरों व स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि बच्चें व बुजुर्गों के फेफड़े खराब हो चुके है। वायु प्रदूषण के साथ साथ भू-जल भी दूषित हो चुका है। इस गैरकानूनी डंपिंग ग्राउंड के नजदीक नोएडा इंस्टीट्यूशनल एरिया में कई नामी स्कूल, कॉलेज, आईआईएम लखनऊ का विस्तार कैंपस, राष्ट्रीय ओपन स्कूल, भारतीय राजमार्ग अभियंताओं का संस्थान, तथा लाखों की आबादी वाले गांव व कई इंदिरापुरम के कई बड़े हाउसिंग सोसाइटी एवं जीडीए फ्लैट्स है, जिनमें लाखों लोग रहते है। रिहायशी इलाकों के एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मेरठ एक्सप्रेसवे के बिलकुल नजदीक ऐसा डंपयार्ड बनाने की अनुमति कैसे मिली इसको लेकर कई बार आरटीआई फाइल किया गया है, बिना किसी समाधान के। कई साल से अधिकारियों को पत्र द्वारा सूचित किया गया है। रविवार को इंदिरापुरम न्यायखंड प्रथम के चार सोसायटी, सुपरटेक आईकॉन, गौर ग्रीन विस्ता, पत्रकार बिहार, इंद्रलोक तथा जीडीए फ्लैट के अनेकों निवासियों ने शांतिपूर्ण रूप से मोर्चा निकाला। इसके बाद सभी नागरिक राष्ट्रीय हरित अधिकरण में कानूनी लड़ाई लड़ने का मन बना चुके है। इस अवसर पर मनोज ठाकुर, अंशुमान बोस, राकेश पांडे, प्रयत्न प्रकाश अमित सचान, इरफान साहिल खान आदि लोग मौजूद रहे।

हिंदी पखवाड़ा में बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति द्वारा प्राथमिक विद्यालय रूदापुर में प्रतियोगिता आयोजित

प्रयागराज करंट क्राइम। बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति अंतरराष्ट्रीय उत्तराखंड द्वारा हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत विद्यालयों में चित्रांक,निबंध और काव्य प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। मीडिया प्रभारी नागेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय रूदापुर विकास खंड फूलपुर जनपद प्रयागराज में भी संस्था द्वारा हिन्दी भाषा पर आधारित चित्रांक और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले अंकुश,दिया सिंह,रागिनी बिंदु,पुनीत यादव, नम्रता, सोनाक्षी, आर्यन, शिवांगी, चांदनी, सत्यम को संस्था की तरफ से प्रमाण पत्र,मेडल व पेन देकर पुरस्कृत किया गया।यह प्रतियोगिता संस्था के अध्यक्ष विवेक बादल बाजपुरी संरक्षक पंकज शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री भारतेन्द्र त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जयलक्ष्मी गुप्ता के संयोजन में आयोजित की गई। विद्यालय की शिक्षिका अंतिमा सिंह,नेहा श्रीवास्तव, कमला देवी ने सहयोग प्रदान किया।

श्री सांस्कृतिक कला संगम समिति रामलीला का हुआ भूमि पूजन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। रविवार को श्री सांस्कृतिक कला संगम समिति (रजि०) के तत्वाधान भूमि पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के समस्त पदाधिकारी, सदस्य कलाकार एवं सम्मानित क्षेत्रवासि उपस्थित रहे। भूमि पूजन में मुख्य रूप से संजय भारद्वाज, अध्यक्ष, भूपेश शर्मा महासचिव, विजय जोशी उपाध्यक्ष, नारायण सिंह बागड़ी कोषाध्यक्ष, मनोज खंडूरी निर्देशक, राहुल गुप्ता लीला मंत्री, देवाशीष सेट डिजाइनर, रोहित प्रकाश सह माल मंत्री, अमित सचिव, सोनू जोशी माल मंत्री, नितिन शर्मा रूप सज्जाकर, शारदा प्रसाद कार्यालय प्रभारी, अशोक शर्मा संगीत व्यवस्था, संजीव शर्मा, वीरेंद्र सिंह, पार्षद विनय चौधरी, अजय त्यागी,शशिकांत तिवारी, यू सी सक्सेना, उमेश सक्सेना, गीता सिंह मौजूद रहे। अध्यक्ष भूपेश शर्मा ने बताया कि श्रीराम के जीवन से प्रेरित लीला का मंचन करने से समाज में और युवा पीढ़ी में संस्कारों का प्रसार होता है। इसलिए रामलीला मंचन और ऐसी अन्य कथाओं का आयोजन आवश्यक है।

शालीमार गार्डन में आरडब्ल्यूए के लोगों ने की पुलिस के साथ बैठक

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। शालीमार गार्डन में बिगडती कानून व्यवस्था को लेकर आरडब्ल्यूए ने पुलिस के साथ बैठक की जिसमें क्षेत्रीय पार्षद राहुल शर्मा, पवन रेड्डी कैलाश यादव के समक्ष स्थानीय समस्याओं को रखा।

इस मौके पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष राम प्रताप शर्मा ने बताया कि लोगों की समस्या को एक मंच पर लाना है, ताकि उच्चाधिकारियों के समक्ष समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चोरी की घटना बढ़ रही है इस पर अंकुश लगे। इस अवसर पर महामंत्री मोहन सिंह रावत, समाजसेवी सुखविंदर सिंह विरदी, समाजसेवी अमरजीत सिंह कलिंगा, मनोज अधिकारी, सुरेश सिंह कुशवाह आदि लोग मौजूद रहे।

किस प्रभारी के होटल स्टेट्स की है धूम

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों एक प्रभारी के होटल होने की चर्चा जोरों पर है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि प्रभारी महोदय के नंबर पर स्टेटस वाला स्वैग अलग चर्चा में बना रहता है। सुनने में आया है कि कई मंजिला होटल के आगे प्रभारी की गाड़ी के फोटो और स्टेटस के स्क्रीनशॉट इन दिनों कई अधिकारियों के मोबाइल नंबर पर नजर आ रहे हैं। तो चर्चा है कि भले थाने से कुछ फेस गए हो लेकिन प्रभारी को अभी कई लोगों को अपने ही थानाक्षेत्र में फेस करना पड़ रहा है। सुनने में आया है कि भले उनका दूसरे कमिश्नरेट वाला मामला थोड़ा डाउन चल गया हो, पर अब होटल वाला मामला हाइपर आ गया है। बताया जा रहा है कि कृष्ण की नगरी से जुड़ा मामला इन दिनों दो कमिश्नरेट में जमकर चर्चा में है। सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि पूरे घटनाक्रम की जानकारी इस वाले और बराबर वाले कमिश्नरेट में कई स्तर के अधिकारियों तक भी है। वहीं सुनने में तो यह आया है कि उनकी महंगी घड़ी और मोबाइल के किस्से भी इन दिनों जमकर बाहर आ रहे हैं। पहले लापरवाही के मामले में केवल वार्निंग तक मामला सेट हो गया था और अब ऐसी गोपनीय सूचनाओं आउट हो गई हैं जिससे उनके ऊपर डाउट आ रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में वैसे तो इन दिनों कई थाना प्रभारी टीआरपी में है लेकिन सिटी का एक थाना टीआरपी में टॉप पर बना हुआ है। देखा जाना बाकी है कि क्या केवल शिकायती पत्र फाइलों और मेज के ऊपर ही रहेंगे या इस पूरे मामले में कार्रवाई वाला कोई डिसीजन भी आएगा। सूत्र बताते हैं कि खुद को मीडिया मैनेजमेंट का माहिर बताने वाले प्रभारी के कई और मामले आने वाले दिनों में बाहर आ सकते हैं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विश्वसनीय सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि भले ही बीते दिनों सिटी में दो थानों के प्रभारी के फेस बदले गए हो लेकिन आने वाले दिनों में कुछ ऐसे फेस भी रडार पर आएंगे जो लंबी पारी खेल चुके हैं और उनके यहां मामले हाइलाइट चल रहे हैं। इसके साथ ही हिंडन नदी के बराबर वाला एक थाना कभी भी सुर्खियों में आ सकता है। ऐसा सूत्र जानकारी दे रहे हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि जिस तरीके से होटल के स्टेटस वाले प्रभारी का मामला धूम मचा रहा है, इस मामले में आने वाले दिनों में क्या नए पन्ने बाहर निकलते हैं।

खाली प्लॉट में कूड़ा घर बनने के विरोध में पार्षद प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। रविवार को सेक्टर 4 में अलारा बैंकट हॉल के पास खाली प्लॉट मे नगर निगम ने अवैध तरीके कूड़ा घर बना दिया। इस समस्या लो लेकर लेकर वसुंधरा सेक्टर 4ए बी 4बी व सेक्टर तीन एसजी होम्स व गार्डेनिया सोसायटी ले लोगों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने यहां कूड़ा डाले जाने का विरोध किया। मौके पर पहुंचे वार्ड 61 के पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने लोगों के समझते हुए कहा कि कूड़ा आगे नही जा रहा जिस कारण निगम समय से कूड़ा नही उठा रही है । आप सभी सोमवार को वसुंधरा नगर निगम जोनल कार्यालय पर आप लोगों के साथ मे भी चलूँगा ओर वार्ड की समस्या मेरी समस्या है, में हर समय आप लोगों के साथ हु, इस समस्या को लेकर एक ज्ञापन भी दिया । लोगों कहा कि वसुंधरा के किसी भी रिहायशी इलाके में कूड़ा नहीं डालने दिया जाएगा। पार्षद प्रतिनिधि ने मंगलवार 11 का समय दिया और आश्वासन दिया कि नगर निगम के प्रतिनिधियों को मौका ए मुआइना कराएंगे, साथ ही लोगों से अपील की कि वह भी भारी संख्या में एलारा बैंक्विट हॉल पर उस दिन मौजूद रहे। आस पास के लोगों ने नगर निगम को आगामी 2 दिन में कूड़ा हटाने का समय दिया है एवं उसके बाद वहां आवश्यक केमिकल्स और दावों का चर्चा करने के लिए निवेदन किया है। बारिश के कारण क्षेत्र में बदबू है, जलभराव है, आसपास डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है, जिससे आसपास के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। इस अवसर पर भूपेंद्र नाथ, देवांश, संतोष कुमार सिंह, हिमांशु गोयल, गीता राना, श्रवण त्यागी, विनीत चौधरी, संजय कुमार, सुरभी गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

मोदीनगर में संगठन विस्तार को लेकर कांग्रेस की जिला बैठक आयोजित

मोदीनगर, करंट क्राइम। विधानसभा क्षेत्र के गांव फफराना में नत्थू प्रधान के आवास पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी के नेतृत्व में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी ने कहा कि सक्रिय लोगों को ग्राम वार्ड में बूथ स्तर पर जिम्मेदारी दी जाएगी व निष्क्रिय लोगों को पद मुक्त कर कांग्रेस विचारधारा के पुराने व नए लोगों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभाओं में कमेटी का गठन कर हर माह मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विधानसभा व ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य व किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मनीष शर्मा, गुलबीर भारद्वाज, चांद वीर चैधरी, पंडित राजकुमार अत्रि, मोहम्मद अय्यूब कुरैशी, नंदकिशोर शर्मा, संजय शर्मा, रामकिशन शर्मा, राकेश भारद्वाज, उपेंद्र चैधरी, डॉ0 जेपी सिंह, जगपाल सिंह, जसवीर सिंह, विजय नेता, ज्ञानेंद्र त्यागी व बृजेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

किशोरी को अगवा कर युवक ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

मोदीनगर, करंट क्राइम। एक गांव से अपहरण की गई 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने किशोरी सहित आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने किशोरी को बंधक बना दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। भोजपुर थानान्तर्गत एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी 19 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों ने एक युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए भोजपुरथाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसीपी ने बताया कि पुलिस ने अपहरण करने वाले आरोपी फईमूद्दीन निवासी गांव नाहली को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह किशोरी को काफी समय से जानता था। मोबाइल पर बात करता था। गत 17 अगस्त को किशोरी को अपने साथ ले गया। किशोरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने 24 दिन तक बंधक बनाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी मारपीट करता था, भूखा भी रखता था। जल्द ही किशोरी के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए जाएंगे।

इमरान खान ने याह्या खान के दौर से की सरकार की तुलना, कहा-

शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री कहने का कोई मतलब नहीं

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा सरकार और देश की संस्थाओं की आलोचना की है। उन्होंने मौजूदा हालात की तुलना सैन्य शासक याह्या खान के दौरे से की और आरोप लगाया कि देश की संस्थाओं को तबाह किया जा रहा है।

'देश की संस्थाओं को तबाह कर रहा याह्या खान पार्ट-2'

इमरान ने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की भी आलोचना की और मौजूदा सरकार को 'याह्या खान पार्ट-2' करार दिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ₹देश एक बार फिर याह्या खान के शासन को महसूस कर रहा है। याह्या खान ने देश की सबसे बड़ी सियासी पार्टी के खिलाफ ऑपरेशन चलाया था। यह याह्या खान पार्ट-2 वहीं कर रहा है और देश की संस्थाओं को नष्ट कर रहा है।

'शहबाज को प्रधानमंत्री कहने का कोई मतलब नहीं' : उन्होंने मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर भी निशाना साधा। इमरान खान ने कहा, शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री कहने का कोई मतलब नहीं है। वे केवल एक मोहरे हैं, जिनके फैसले प्रतिष्ठान की मंजूरी पर निर्भर हैं। हगो सकता है कि इस मोहरे को कल जबरन गायब कर दिया जाए।

इसके साथ ही, इमरान ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पर भी चिंता जताई।

उन्होंने कहा, सिंगापुर कराची से भी कम आबादी वाला देश है और पाकिस्तान से ज्यादा निवेश आकर्षित कर रहा है। सिंगापुर में निवेशक अरबों डॉलर ला रहे हैं।

'फैसला सुनाने वाले जज को दी करोड़ों की जमीन'

यह भी आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार जजों को गलत फैसले लेने पर मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा, याह्या खान पार्ट-2 की सरकार ने जज हुमायूं दिलावर को करोड़ों रुपये की जमीन और अवैध अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दी, जिससे मेरे खिलाफ फैसला सुनाया गया। याह्या खान पाकिस्तान के तीसरे राष्ट्रपति थे और उनके शासन के दौरान पूर्व पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) ने आजादी हासिल की थी। उन्होंने चुनाव के नतीजों को स्वीकार नहीं किया था, जिससे देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए था और 1971 का युद्ध हुआ था।

नवजात के नाम रखने का मामला पहुंचा ब्राजीलियन कोर्ट अदालत ने जताई चिंता; कहा- बच्चे को हो सकता है खतरा

ब्रसीलिया : ब्राजील की एक अदालत ने एक दंपती को अपने नवजात का नाम मिस्र के राजा के नाम पर रखने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कैटरीना और डैनिलो अपने बच्चे का नाम पिये-ए रखना चाहते थे। पिये एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे, जिन्होंने 30 वर्षों तक मिस्र पर शासन किया। अदालत ने चिंता व्यक्त करते हुए इस मामले में हस्तक्षेप किया। कोर्ट का कहना है कि इस नाम के साथ बच्चे को निशाना बनाया जा सकता है।

इस मामले में डैनिलो ने कहा, जिस शब्द का जिक्र किया गया, उसका मतलब काला शासक (फेरो) है। हमने जब इस पर रिसर्च किया तो हमें पिये की कहानी मिली। वह एक नुबियन योद्धा था, जिसने मिस्र में लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की। वह मिस्र का पहला काला शासक बना।₹ उन्होंने आगे बताया कि अपने अफ्रीकी वंशज के साथ संबंध बनाए रखने के लिए अपने बेटे का नाम पिये के नाम पर रखने का निर्णय लिया था। डैनिलो ने कहा, अफ्रीकी नामों को वापस लाने का उद्देश्य काले लोगों के इतिहास को एक नई कहानी देना है। उन्होंने आगे कहा, हमें अपने बच्चों को इस स्संकृति के साथ और इस तरीके से शिक्षा देने का अधिकार है कि उनके नाम पर उनका प्रतिनिधित्व हो। अदालत ने कहा, फेरो के नाम का उच्चारण पुर्तगाली शब्द प्लाई से काफी मिलता जुलता है, जो एक बैले डांस स्टेप है। इसलिए इस नाम को रखने में आपत्ति जताई गई है। कोर्ट के फैसले पर डेनिलो ने प्रतिक्रिया दी। उनका कहना है, हम जानते हैं कि खतरे का मुकाबला इसे प्रतिबंधित करके नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि समाज की अज्ञानता पर काम करके इस खतरे का मुकाबला किया जा सकता है।

'भारत से मुक्त व्यापार लाभ उठाए ईएफटीए'

जिनेवा : विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्विट्जरलैंड के अपने समकक्ष इग्नाजियो डेनियल जियोवानी कैसिस के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा कर भारत व 4 देशों के यूरोपीय ब्लॉक (ईएफटीए) के बीच ट्रेड

समझौते पर जोर दिया। ईएफटीए में आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन शामिल हैं। शनिवार को जयशंकर की दो दिनी यात्रा खत्म हुई, जिसमें मुक्त व्यापार समझौते पर विस्तृत चर्चा हुई।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा, दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईएफटीए देशों के बीच मुक्त व्यापार सौदे का लाभ उठाने की अपील के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

मुहम्मद यूनुस से वार्ता के लिए बांग्लादेश पहुंचे अमेरिकी राजनयिक

ढाका : अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रमुख राजनयिक मुख्य सलाहकार शनिवार को बांग्लादेश पहुंचे। यहां वह मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के साथ मुख्य रूप से वित्तीय और व्यापार मामलों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ढाका में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रैंडन लिंच भी हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा के लिए यूनुस से मिलने के अलावा, प्रतिनिधिमंडल वित्त और वाणिज्य सलाहकार सालेहुद्दीन अहमद से भी मुलाकात करेगा। विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि चर्चा मुख्य रूप से वित्तीय और व्यापार मामलों पर केंद्रित होगी।

मिस्र में यात्री ट्रेनों की टक्कर में दो की मौत, 29 घायल

मिस्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि उत्तर-पूर्व काहिरा के शार्किया गवर्नरेट के जगाजिग शहर में दो यात्री ट्रेनों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि 29 अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा, घायलों को अस्पतालों में ले जाया गया और बचाव अभियान जारी है। रेलवे प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि एक ट्रेन जगाजिग शहर से इस्माइलिया शहर की ओर जा रही थी, जबकि दूसरी मंसूरा शहर से जगाजिग शहर की ओर जा रही थी।

मालदीव-चीन ने रक्षा सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर की चर्चा

मालदीव और चीन ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रक्षा मंत्री घासन मौमून ने 11वें बीजिंग जियांगशान फोरम के मौके पर अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की।

इंग्लिश चैनल पार करते वक्त नाव पलटने से आठ लोगों की मौत, फ्रांस से ब्रिटेन में घुसने की कर रहे थे कोशिश

इंग्लिश चैनल से घुसपैठ पर लगाम लगाने की तैयारी कर रहा ब्रिटेन

ब्रिटेन इंग्लिश चैनल के जरिये घुसपैठ पर लगाम लगाने की तैयारी कर रहा है। ब्रिटेन के गृह सचिव यवेट कूपर ने कहा था कि 100 नए खुफिया अधिकारी राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) में तैनात किए जाएंगे। एनसीए वर्तमान में लोगों की तस्करी में शामिल बड़े नेटवर्क को तलाश रहा है। इसके लिए एनसीए द्वारा लगभग 70 जांच अभियान चल रहे हैं। बताया गया है कि ये नेटवर्क इंग्लिश चैनल क्रॉसिंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। एनसीए के लिए ऐसे संगठिक अपराध से निपटना सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्मॉल बोट्स ऑपरेशनल कमांड (एसबीओसी) के अंतर्राष्ट्रीय संचालन के उप निदेशक कैरोल हेगिनबॉटम ने भी कहा था कि यूके निगरानी और तकनीकी क्षमता के माध्यम से इंग्लिश चैनल के माध्यम से अवैध प्रवासी क्रॉसिंग को कम करने में सक्षम है।

नई दिल्ली : उत्तरी फ्रांस से ब्रिटेन में घुसने की कोशिश करते समय इंग्लिश चैनल पार करते वक्त नाव पलटने से आठ लोगों की मौत हो गई। फ्रांसीसी अधिकारियों के मुताबिक जानकारी मिलने पर बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। जबकि हादसे में बचे लोगों को फ्रांस के एम्बलेट्यूज के खेल हॉल में रखा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दो सप्ताह पहले भी प्रवासियों को उत्तरी फ्रांस से लेकर ब्रिटेन जा रही एक नाव इंग्लिश चैनल में पलट गई थी। इस हादसे में नाव सवार 13 लोगों की मौत हो गई थी। चैनल के अधिकारियों ने बताया कि फ्रांसीसी तटरक्षक और नौसेना के जहाजों ने पास-डी कैलाइस क्षेत्र से 200 लोगों को बचाया है। शनिवार को फ्रांस से 18 बार ब्रिटेन के लिए नावें रवाना हुईं। अधिकारियों का कहना है कि इस साल फ्रांस से ब्रिटेन में प्रवेश करने के लिए इंग्लिश चैनल पार करने के प्रयास में 43 प्रवासियों की मौत हो चुकी है। जबकि कई लापता हो गए हैं। इससे पहले जुलाई में नाव पलटने से चार, अप्रैल में एक बच्चे समेत पांच और जनवरी में पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

दशकों तक अपने ही घर में सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई पीड़िता, अब दुनियाभर में महिला अधिकारों की पहचान

पेरिस : फ्रांस में एक महिला दशकों तक अपने ही घर में सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई। अब महिला ने अपने ऊपर हुए अत्याचार के खिलाफ मुखरता से आवाज उठाई है और वह महिला दुनियाभर में महिला अधिकारों की मुखर आवाज बनकर उभरी है। पीड़िता का उसके पति ने ही अन्य लोगों के साथ मिलकर दशकों तक शारीरिक शोषण किया।

पति ने ही किया शोषण

71 वर्षीय गिसेल पेलीकोट को साल 2020 में पता चला कि उनके पति ने ही वर्षों तक गोपनीय तरीके से कई अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपी पति गिसेल को बेहोशी की दवाई देकर सुला देता था और फिर कई लोगों के साथ उसका शारीरिक शोषण करता रहा। अब इस खुलासे के बाद गिसेल ने अपने साथ हुए अत्याचार पर चुप रहने के बजाय उसके खिलाफ आवाज उठाने का फैसला किया। गिसेल ने अपने पति से तलाक ले लिया है और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुकदमा दायर किया है।

बड़ी संख्या में लोग गिसेल के समर्थन में उतरे

अदालत में महिला का पक्ष रख रहे वकील का कहना है कि महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले लोगों को शर्मिंदा होने की जरूरत है न कि पीड़िता को। वकील ने कहा कि शर्म को अपना पक्ष बदलना चाहिए।

फिर यूक्रेन को मदद भेजेगा अमेरिका, आगे की रणनीति के लिए बाइडन करेंगे जेलेंस्की से मुलाकात

वॉशिंगटन : रूस और यूक्रेन के बीच पिछले ढाई साल से तनाव जारी है। इस बीच अमेरिका एक बार फिर यूक्रेन की सहायता के लिए आगे बढ़ा। राष्ट्रपति जो बाइडन की प्रशासन ने बताया कि अमेरिका एक बार फिर आगामी हफ्तों में यूक्रेन को एक बड़ा सहायता पैकेज भेजने की तैयारी कर रहा है। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रपति बाइडन इस महीने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करने वाले हैं।

जेक सुलिवन ने कहा, इस संघर्ष में सफलता के लिए हमें एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है। राष्ट्रपति जेलेंस्की का कहना है कि वह यही कर रहे हैं। उन्होंने कीव में याल्टा यूरोपियन रणनीति सम्मेलन में वीडियोलिंक के जरिए यह टिप्पणी की। सुलिवन ने आगे कहा, ₹हम बैठकर इस मुद्दे पर बातचीत के लिए उत्सुक हैं। राष्ट्रपति बाइडन भी इसके लिए काफी ज्यादा उत्साहित हैं।₹

पुतिन ने दी पश्चिमी देशों की चेतावनी

पिछले कुछ हफ्तों में यूक्रेनी सेना को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा क्योंकि रूस अहम पारगमन केंद्र (ट्रांजिट सेंटर) पोक्रोव्स्क की ओर आगे बढ़ रहा है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन अपने कार्यकाल के शेष महीनों में यूक्रेन को अच्छी स्थिति में रखने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि जो बाइडन इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। उनका कार्यकाल जनवरी में खत्म होने वाला है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि इस युद्ध को बातचीत के माध्यम से समाप्त करना होगा।

शेख हसीना समेत 59 लोगों पर नया मामला दर्ज, हिंसा के दौरान छात्र की हत्या के प्रयास का लगा आरोप

ढाका : बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया गया है। हसीना के साथ अन्य 58 लोगों पर हिंसक झड़पों के दौरान एक छात्र की हत्या के प्रयास का आरोप लगा है। यह मामला 22 वर्षीय फहीम फैसल ने दर्ज कराया था। फैसल ने बताया कि उसे चार अगस्त को दिनाजपुर में गैर सरकारी प्रदर्शन के दौरान गोली मारी गई थी, जिसमें वह घायल हो गया था। इसके साथ ही हसीना के खिलाफ अबतक 155 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 136 मामले हत्या के और मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के सात मामले शामिल हैं। इसके अलावा तीन अपहरण के मामले, आठ हत्या के प्रयास के लिए और एक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के जुलूस पर हमले करने का मामला भी दर्ज है।

मामले के अनुसार, प्रदर्शनकारियों पर हथियारों से हमला किया गया था, जिसमें फैसल को कई चोटें आईं। दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में उसका इलाज किया गया। फिलहाल वह ठीक है। शेख हसीना के अलावा पूर्व व्हिप इकबालुर रहीम और दिनाजपुर सदर उपजिला अध्यक्ष इमदाद सरकार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि पिछले महीने पांच अगस्त को शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आ गई थीं।



बांग्लादेश में क्यों भड़की हिंसा?

बांग्लादेश को साल 1971 में आजादी मिली थी। आजादी के बाद से ही बांग्लादेश में आरक्षण व्यवस्था लागू है।

इसके तहत स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को 30 प्रतिशत, देश के पिछड़े जिलों के युवाओं को 10 प्रतिशत, महिलाओं को 10 प्रतिशत, अल्पसंख्यकों के लिए 5 प्रतिशत और दिव्यांगों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था। इस तरह बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में 56 प्रतिशत आरक्षण था। साल 2018 में बांग्लादेश के युवाओं ने इस आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन किया। कई महीने तक चले प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश सरकार ने आरक्षण खत्म करने का एलान किया।

बीते महीने 5 जून को बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने देश में फिर से आरक्षण की पुरानी व्यवस्था लागू करने का आदेश दिया। शेख हसीना सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील भी की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आदेश को बरकरार रखा।

महसा अमिनी की दूसरी पुण्यतिथि कल, बिना हिजाब सड़कों पर महिलाएं

दुबई : ईरान में 16 सितंबर 2022 को हिजाब पहनने के सरकारी आदेश का विरोध करने पर महसा अमिनी की जेल में हत्या को दो वर्ष होने वाले हैं। इस बीच, सख्त कानून के बावजूद अब ईरान में महिलाएं सार्वजनिक जगहों पर बिना हिजाब आने लगी हैं और अधिकारी भी सख्ती नहीं दिखा रहे हैं। देश की नैतिक पुलिस को आशंका है कि यदि सख्ती की तो अमिनी की दूसरी पुण्यतिथि पर माहौल बिगड़ सकता है।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई पहले ही कह चुके हैं कि महिलाओं का बेहिजाब रहना न सिर्फ धार्मिक, बल्कि राजनीतिक रूप से भी निषिद्ध है। मसूद पेजेश्कियन ने सुधार दिखाने का साहस किया है।

अब शिक्षा व्यवस्था को लेकर पाकिस्तान की किरकिरी

एशियन विकास बैंक ने भारत से कुछ सीखने की हिदायत दी

इस्लामाबाद : खराब शिक्षा प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए वित्तीय सहायता मांगने गए पाकिस्तान को एशियन विकास बैंक ने बड़ी नसीहत दी है। बैंक ने सिफारिश की है कि अपनी शिक्षा प्रणाली को सुधारने और लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए पाकिस्तान भारत की उल्लास योजना को अपनाए। मनीला की एशियन विकास बैंक ने पाकिस्तान से कहा है कि सरकार एक रणनीतिक और बहु-हितधारक परामर्शी दृष्टिकोण अपनाए। यह भारत सरकार की नई योजना उल्लास जैसा हो सकता है।

जिला शिक्षा प्रदर्शन सूचकांक रिपोर्ट 2023 ने भी मानव संसाधन संकट की तस्वीर पेश की है। इसके मुताबिक अनपढ़ और कम शिक्षा वाले लोग नौकरी बाजार में आ रहे हैं।

यह है भारत की उल्लास योजना

भारत की उल्लास योजना का पूरा नाम अंडरस्टैंडिंग ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी है। इसका उद्देश्य 15 साल के लोगों को साक्षर बनाना है। इसके तहत साक्षरता का अर्थ सिर्फ हस्ताक्षर करना आना ही नहीं बल्कि हजार तक गिनती, जोड़-घटा, गुणा, भाग जैसे सवालों के जवाब देने में सक्षम होना है। इसके लिए ओपन बोर्ड की 150 अंकों की फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी असेसमेंट (एफएलनेट) परीक्षा पास करनी होती है। साक्षरता के बाद लाभार्थी को रोजगार के लिए वोकेशनल और स्किल ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यिक कौशल, स्वास्थ्य देखभाल-जागरूकता, शिक्षा और परिवार कल्याण जैसे पहलू भी शामिल हैं। सरकार ने अगले छह साल में भारत को पूरी तरह से साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा है।

बैंक ने कहा कि उल्लास योजना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संघीय और प्रांतीय दोनों सरकारों के सहयोग पर जोर देती है। पाकिस्तान भी ऐसी योजना अपनाकर शिक्षा क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकता है। एडीबी की सिफारिश एडीबी अध्यक्ष मासत्सुगु असाकावा की पाकिस्तान यात्रा से कुछ दिन पहले आई है। दरअसल, योजना आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में शिक्षा प्रणाली खराब हो गई है।

इस्लामाबाद को छोड़कर सभी 134 जिलों में सीखने के परिणाम पिछड़ रहे हैं। जिला शिक्षा प्रदर्शन सूचकांक रिपोर्ट 2023 ने भी मानव संसाधन संकट की तस्वीर पेश की है। इसके मुताबिक अनपढ़ और कम शिक्षा वाले लोग नौकरी बाजार में आ रहे हैं। पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर देश में स्कूल न जाने वाले लगभग 26 मिलियन बच्चों को शिक्षित करने के लिए शिक्षा आपातकाल की घोषणा की थी।

बंधकों की रिहाई के लिए नेतन्याहू का विरोध नहीं हो रहा कम, हजारों प्रदर्शनकारियों ने फिर निकाला मार्च

तेल अवीव : इस्त्राइल में शनिवार को हजारों प्रदर्शनकारियों ने सेना मुख्यालय और अन्य सरकारी इमारतों पर धावा बोला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ नारेबाजी की और गाजा में बंधक बनाए गए 100 से अधिक बंधकों की रिहाई के लिए हमास के साथ शांति बनाने का दबाव डाला।

दो सप्ताह पहले गाजा से छह बंधकों के शव बरामद होने के बाद, इस्त्राइल में एक बार फिर व्यापक प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। शनिवार को हजारों प्रदर्शनकारी इस्त्राइल सरकार के खिलाफ तेल अवीव के मध्य में एकत्र हुए। जहां से उन्होंने सेना मुख्यालय और अन्य सरकारी इमारतों तक मार्च निकाला। मार्च में शामिल हुए बंदियों के परिवारों ने रिहाई के लिए बातचीत करने के सरकार के नाकाफी प्रयासों पर अपनी निराशा व्यक्त की। कई लोगों ने समझौता वार्ता में विफलता के लिए पीएम नेतन्याहू को जिम्मेदार ठहराया।

बता दें कि सात अक्तूबर को हमास के हमले के बाद गाजा में संघर्ष बढ़ गया। करीब 2500 आतंकवादियों ने गाजा पट्टी से इस्त्राइल में सीमा उल्लंघन किया और लोगों को बंदी बना लिया। जिसके बाद इस्त्राइल ने गाजा में आक्रमण शुरू कर दिया। इस्त्राइल का लक्ष्य पूरे आतंकवादी समूह हमास को खत्म करना है। वहीं, इस्त्राइल इस बात पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है कि उसके हमलों के दौरान नागरिक हताहत न हों।

11 महीने पहले इस्त्राइल-हमास के बीच शुरू हुए संघर्ष में अब तक गाजा पट्टी से करीब 12000 लोग विस्थापित हो चुके हैं। इनमें मुख्य रूप से बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। संघर्ष शुरू होने के बाद, हाल ही में गाजा पट्टी के एक स्कूल में एक हवाई हमला हुआ, जिसमें संयुक्त राष्ट्र एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए के छह

हिंदी दिवस पर आयोजित हुआ हिंदी समारोह व कवि सम्मेलन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भवन समिति गाजियाबाद के अध्यक्ष ललित जायसवाल तथा महासचिव सुभाष गर्ग ने हिंदी दिवस समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन संतोष यादव थे। हिंदी भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवओम अम्बर तथा विशिष्टि अतिथि डॉ सुरेश अवस्थी थे। इस अवसर पर बिजेन्द्र परवाज, प्रवीण शुक्ल, तेजनारायण बेचैन, दिनेश रघुवंशी, राज कौशिक और श्रीमती अंजु जैन ने काव्य पाठ किया। हिंदी दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदी के मेघावी विद्यार्थियों, शिक्षकों व हिंदी सेवियों को सम्मानित किया गया।

एसीएफ अभियान में लगे टीम सदस्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। टीबी खोज अभियान को लेकर रविवार को जिला क्षय रोग केन्द्र गाजियाबाद में एसीएफ अभियान में लगे टीम सदस्यों की जिला क्षय रोग अधिकारी के आदेशानुसार समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में चिह्नित क्षेत्र की आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं वोलीयेन्टर को अधिक से अधिक बलगम परीक्षण के लिए नमूने लैब पर लाने के लिए सभी को समझाया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही पोषण योजनाओं की जानकारी भी जनमानस को देते हुए अपने क्षेत्र को टीबी मुक्त करने के लिए इनको प्रेरित करने को कहा गया। मीटिंग में दीपाली गुप्ता पीपीएम सी एवं नीरज कुमार शर्मा वरिष्ठ क्षय रोग उपचार सुपरवाइजर और नवीन राय एल टी उपस्थिति रहे।

नोएडा में 9वीं की छात्रा से छेड़खानी, स्कूल टीचर ने 3-4 बार की अश्लील हरकतें

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर-113 में आवासीय स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा नौ की छात्रा के साथ स्कूल के मैनेजर का छेड़खानी और बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी स्कूल का मैनेजर होने के साथ टीचर भी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी (15) सोरखा स्थित आवासीय विद्यालय में पढ़ाई कर रही है। आरोप है कि स्कूल के मैनेजर ने किशोरी के साथ तीन-चार बार ऐसी हरकत की। जोकि आपत्तिजनक और अश्लील रही। किशोरी ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी मैनेजर नरेंद्र ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

परिजनों की मांग- टीचर को तुरंत गिरफ्तार करें

कई बार विरोध करने के बाद भी जब आरोपी की हरकतों में सुधार नहीं हुआ तो किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। छात्रा मूल रूप से दूसरे जिले की निवासी है। घटना की जानकारी होने के बाद किशोरी के परिवारीजन शनिवार को अन्य लोगों के साथ थाने पर पहुंचे। परिजनों की मांग यह थी कि एफआईआर दर्ज कर आरोपी टीचर को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

जीडीए सचिव राजेश सिंह के साथ इंदिरापुरम के पार्षदों की बैठक आयोजित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जीडीए कैंप कार्यालय इंदिरापुरम में रविवार को जीडीए सचिव राजेश सिंह के साथ इंदिरापुरम के सभी पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंदिरापुरम क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। समस्याओं के शीघ्र निवारण पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य इंदिरापुरम हैंडओवर से पहले वहां की प्रमुख समस्याओं जैसे सीवर समस्या, सड़कों की खराब स्थिति, स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था, अतिक्रमण और पार्कों के रखरखाव को लेकर कार्य योजना तैयार करना था। इस बैठक में जीडीए सचिव राजेश सिंह के अलावा प्रमुख पार्षदों में धीरज अग्रवाल, डॉक्टर अनिल तोमर, राधेश्याम त्यागी, हरीश काराकोटी, अनुज त्यागी, संजय सिंह, प्रीति जैन, पूर्व पार्षद अभिनव जैन, सरदार सिंह रावत और मीडिया प्रभारी प्रयाम सक्सेना ने भाग लिया। सभी ने स्वर में इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की आवश्यकता पर बल दिया और इसके लिए प्रभावी कदम उठाने का आश्वासन दिया। बैठक में उपस्थित सभी पार्षदों और जीडीए सचिव ने यह आश्वासन दिया कि इन मुद्दों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा।

प्राचीन संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर रामलीला समिति का हुआ भूमि पूजन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज और उनका परिवार पिछले लगभग तीन दशक से वसुंधरा में भव्य रामलीला का आयोजन करते आ रहे हैं। वसुंधरा स्थित प्राचीन संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर रामलीला समिति के बैनर तले होने वाली इस रामलीला का रविवार को भूमि पूजन किया गया। 30 सितंबर से 13 अक्टूबर 2024 तक होने वाली रामलीला में मथुरा से आए कलाकारों की टोली रामलीला का भव्य मंचन करेगी। वसुंधरा सेक्टर 16 स्थित प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर में ध्वजा पूजा की गई।

तत्पश्चात ढोल-नगाड़ों के साथ ध्वजा वसुंधरा सेक्टर-7 में रामलीला स्थल ले जाई गईं। वहाँ पूजा-अर्चना और हवन के साथ भूमि-पूजन किया गया। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष और रामलीला समिति से चेयरमैन नरेंद्र भारद्वाज ने इस अवसर पर कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंडन पार क्षेत्र में उनकी समिति द्वारा भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला के दौरान यहाँ बच्चों के विशेष आकर्षण का केंद्र रहने वाले अनेक प्रकार के झूले, मनोरंजक खेल और खाने-पीने के स्टॉल आदि लगाए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पंडित सतीश शर्मा, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी, पार्षद सत्येंद्र चौधरी, कांग्रेस नेता अजय चौधरी, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजयपाल चौधरी, यूथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष कपिल यादव, जीडी शर्मा, पंडित संतोष भारद्वाज, महेश भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, अवयुक्त भारद्वाज, सुशील उपाध्याय, एमपी कौशिक, इंद्रपाल प्रधान, पंडित उमाशंकर, भुनेश्वर पांडेय, बीना सेंगर, पंडित हरिओम शास्त्री, पंडित प्रदुमन वशिष्ठ, पंडित गोविंद शास्त्री, मोहन सिंह राणा, संध्या शर्मा, कमल सिंह रावत, पंडित वीरेंद्र शर्मा, पूनम पटेल, बीपी ममगई, वीएस रावत, रईसुद्दीन, प्रमोद कौशिक, प्रांजल द्विवेदी, हरीश अधिकारी, सचिन चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

'एक आशा, एक विश्वास' चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया त्रैमासिक कैंप का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। चौधरी भवन कविनगर गाजियाबाद के प्रांगण में रविवार को 'एक आशा, एक विश्वास' शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पिछले आठ सालों से सावित्री देवी शेर सिंह चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट व मुख्य रूप से डॉ. अनिल शर्मा, डा. विपुल गोयल, डा. शरद कु. टांक, डा. रैना सचान, डा. दीपांकर, डॉ. अरुण अरोरा व डा. सिद्धान्त शर्मा व अन्य वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सकों के अथक प्रयास से लगाया जाता है। इसी क्रम में यह 34वां कैम्प है। यह कैम्प त्रैमासिक होता है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जन्म से अविकसित, शारीरिक व मानसिक बच्चों को होम्योपैथिक विधा से चिकित्सा सेवाएं देकर इन बच्चों को बेहतर जीवनयापन के लिए उपचार करना है।

शिविर का आरंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। शिविर में डा. अनिल शर्मा, डा. विपुल गोयल, डा. शरद कु० टांक, डा. रैना सचान, सोनिया शर्मा, डा. सिद्धान्त शर्मा व अन्य चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। शिविर में डा. प्रतिभा पाठक प्रो. बैकसन होम्योपैथिक मेडिकल कालेज नोएडा, डा. राहुल व डा. विष्टी व इनके टीम के छात्र चिकित्सकों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। स.के.जी.के हो.मे.का. मुरादाबाद की छात्रा चिकित्सक आकृति दूबे ने भी शिविर में उपस्थित रहकर सेवा प्रदान की। शिविर में 50 नये दिव्यांगजन रोगी व 100 पुराने दिव्यांगजन रोगी उपचारित किये गये। अगला शिविर 15 दिसम्बर को आयोजित किया जायेगा।

करंट से क्रेन ड्राइवर समेत 2 की मौत, फैक्ट्री गेट पर फंसा था कंटेनर

उसे निकालने में हाईटेंशन लाइन से टकराया क्रेन का हुड

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद के वेव सिटी इलाके में शनिवार देर रात कंटेनर को निकाल रही क्रेन हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। इस हादसे में क्रेन चालक की करंट लगने से मौके पर मौत हो गई, जबकि तार टूटने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। अस्पताल में उसने भी दम तोड़ दिया।

ये हादसा वेव सिटी थाना क्षेत्र में कुड़ियागढ़ी के पास हुआ। रजवाहे किनारे ईको मैक फैक्ट्री है। यहां पर शनिवार रात करीब डेढ़ बजे एक कंटेनर आया था, जो फैक्ट्री के गेट पर फंस गया। उसे निकालने के लिए क्रेन बुलवाई गई। कंटेनर निकालते वक्त क्रेन चालक का ध्यान नहीं गया और क्रेन का हुड ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से जा टकराया। इससे पूरी क्रेन में करंट उतर आया और ड्राइवर शकील अहमद निवासी गगन एन्क्लेव, क विनगर गाजियाबाद की मौके पर मौत हो गई। क्रेन का हुड टकराने से हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। इससे बाइक सवार युवक चांद निवासी काजीपुरा चपेट में आ गया। वो गंभीर रूप से झुलस गया। उसको तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान चांद की भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Himanshulove Sharma is with Deepak Bhati and 45 others.
11h ·

कवि समाज में स्माइल मैन के नाम से जाने जाने वाले परम आदरणीय सर्वेश अस्थाना जी हर्ष एवं व्यंग के लेखक जी के निवास पर मुलाकात हुई

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व पार्षद हिमांशु लव की सबसे बड़ी खूबी है कि वो हमेशा अपनो के साथ अपनेपन का परिचय देते हैं। कवि सर्वेश अस्थाना से मुलाकात के पल को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। पूर्व पार्षद हिमांशु लव की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।